खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
बरेली, बुधवार 21 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 176 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी
नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान अधिकतम :40°C न्यूनतम: 27°C

सेंसेक्स 81,186.44
निफ्टी 24,683.90

सोना 96,380
चांदी 97,000

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



## ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने की नेतन्याहू की घेराबंदी
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पोस्टर वॉर: कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा
## भाजपा ने राहुल को मीर जाफर बताया था, पाक आर्मी चीफ के साथ चेहरा किया मिक्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की।

उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। अमित मालवीय ने लिखा कि राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया। इस पोस्टर में राहुल, पाकिस्तान की सीमा के अंदर पीएम शहबाज शरीफ की पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं कि तेज आवाज में पूछो। 19 मई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि विदेश मंत्री की चुप्पी निंदनीय है और इससे सब साफ हो रहा है। मैं फिर से पूछूंगा कि उन्हें ऐसा करने का अधिकार किसने दिया, उनके ऐसा करने से हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए। 17 मई -**शेष पृष्ठ दो पर**



- राहुल ने पीएम को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी: भाजपा
- कांग्रेस ने भाजपा को सिंदूर का सौदागर बताया

# यूट्यूबर ज्योति के फोन स्टोरेज से मिला बीएसएफ मूवमेंट का वीडियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से सोमवार को एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूछताछ की। उससे आतंकी संपर्कों को लेकर सवाल-जवाब किए गए।

इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई। उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले। वहीं, उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह भारत से निष्कासित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मी दानिश से जुड़े फेक प्रोफाइल्स के साथ चैट और ग्रुप में जुड़ी थी। उसके वीडियो के मेटा डेटा दिखाते हैं कि कई रिकॉर्डिंग पाक की उन जगहों पर हुई, जहां आम लोग नहीं जा सकते। ये भी पता चला कि ज्योति के जीमेल अकाउंट में पाकिस्तानी आईपी से कई बार लॉग इन हुआ। हाई रैंकिंग खुफिया सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध यात्राएं, विदेशी संपर्क और यूट्यूब चैनल पर अपलोड हुए संवेदनशील वीडियो के चलते ज्योति कई महीने से खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। डिजिटल फोरेंसिक जांच में उसकी विदेश यात्राओं के साथ-साथ पठानकोट, नाथू ला पास और अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों के प्रमाण मिले। ज्योति के स्मार्टफोन और लैपटॉप की लोकेशन हिस्ट्री, फोटो मेटा डेटा और क्लाउड स्टोरेज ने रणनीतिक और सीमाई क्षेत्रों में वीडियो रिकॉर्डिंग की ओर एजेंसियों का ध्यान खींचा। ज्योति ने पूछताछ में क्या बताया, इस पर अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।



- यूट्यूबर से एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने की पूछताछ

उसका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। वह जून 2023, नवम्बर 2023 और अप्रैल 2024 में पाकिस्तान गई थी। वहीं, ज्योति की ट्रैवल ब्लॉग पार्टनर ओडिशा की प्रियंका सेनापति ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर पता होता कि वह दुश्मन देश की जासूस है, तो संपर्क नहीं करती। ज्योति ने पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के अलावा पाकिस्तान व चीन से लगते संवेदनशील बॉर्डर एरिया के वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे। उसने राजस्थान के थार में बॉर्डर के पास एक गांव में वीडियो बनाई थी। यहां महिलाओं से पूछा था कि पाक कितना दूर है। पुलिस रविवार देर रात ज्योति को उसके घर ले गई। वह चार-पांच जोड़ी कपड़े लेकर गई। इस दौरान, मेज पर रखी नोट बुक में लिखकर गई, मैं जल्दी आ जाऊंगी। ज्योति जब भारतीय जत्थे के साथ पाकिस्तान के गुरुद्वारे गई तो आईएसआई और दानिश के कहने पर सूचनाएं लीक की गई। उसके मोबाइल में पाकिस्तानी ऑफिसर के साथ चौट मिली है। उसने वाघा बॉर्डर पार करते हुए बताया था कि यहां किस-किस को प्रोटोकॉल मिला।

## न्यायिक सेवा के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सेवा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के अभ्यार्थियों के लिए कम से कम तीन साल की वकालत करने की अनिवार्यता मंगलवार को बहाल कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति एजी मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि न्यूनतम अनुभव की शर्तें वर्तमान में चल रही न्यायिक भर्ती प्रक्रियाओं पर लागू नहीं होंगी। यह सिर्फ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं पर ही लागू होगीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यूनतम वकालत करने की जरूरत उन जगहों पर लागू नहीं होगी, जहां उच्च न्यायालयों ने सिविल न्यायाधीशों (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। ये सिर्फ अगली नियुक्ति प्रक्रिया शुरू में लागू होगी। पीठ ने यह भी कहा कि अभ्यार्थियों को न्यूनतम अनुभव बार में 10 साल का अनुभव रखने वाले अधिवक्ता द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस संबंध में न्यायाधीशों के लॉ क्लर्क के रूप में काम करने की अवधि को भी न्यूनतम तीन साल की अवधि के अनुभव के समय में शामिल किया गया है।

## परमाणु वैज्ञानिक एमआर श्रीनिवासन का निधन

**चेन्नई।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। देश के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार डा. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितम्बर 1955 से शुरू किया और पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक अपनी सेवा दी थी। उन्होंने डा. होमी भाभा के साथ मिलकर देश के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था। वर्ष 1959 में उन्हें देश के पहले परमाणु ऊर्जा स्टेशन के लिए प्रधान परियोजना इंजीनियर नियुक्त किया गया। वर्ष 1974 में वे डीएई के पावर प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग डिवीजन के निदेशक बने और एक दशक बाद न्यूक्लियर पावर बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला।

## प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक व विज्ञान लेखक जयंत का निधन

**पुणे।** प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक एवं विज्ञान लेखक डा. जयंत विष्णु नार्लीकर का मंगलवार को यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। डा.नार्लीकर का जन्म महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 19 जुलाई,1938 में हुआ था। उनके पिता विष्णु वासुदेव नार्लीकर सुप्रसिद्ध गणितज्ञ एवं बनारस विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रमुख थे। उनकी मां सुमति संस्कृत की विद्वान थीं। वाराणसी में स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद डा. नार्लीकर ने विज्ञान में डिग्री हासिल की और फिर उच्च शिक्षा के लिए ब्रिटेन के कैम्ब्रिज चले गए।

# हवाला की तरह अवैध है बिटकॉइन
## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: यह अर्थव्यवस्था को कर सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिटकॉइन ट्रेड को हवाला कारोबार की तरह ही अवैध व्यापार करार दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक समानांतर अंडर-मार्केट है और यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने के लिए स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाते। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करके, सरकार व्यापार पर नजर रख सकती है। बेंच ने केंद्र सरकार को याद दिलाया कि उसने लगभग दो साल पहले डिजिटल करेंसी को लेकर भारत की नीति पर स्पष्टता मांगी थी। इसके बावजूद सरकार इसे रेगुलेट करने में विफल रही। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर आंखें मूंदने के समान है। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि आपसे कोई नहीं कह रहा है कि बिटकॉइन ट्रेड पर रोक लगा दीजिए, क्योंकि आपने पहले कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी अवैध नहीं है और इस पर बैन लगाना अर्थव्यवस्था के लिए बुद्धिमानी नहीं होगी। बैन लगाने से शायद आप जमीनी हकीकत से आंखें मूंद लेंगे, लेकिन इसे रेगुलेट करने के बारे में क्या सोचा है। सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी पर यह टिप्पणी गुजरात में अवैध बिटकॉइन ट्रेड के एक मामले में गिरफ्तार आरोपी शैलेश बाबूलाल भट्ट की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की। शैलेश भट्ट पर कई राज्यों में क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित धोखाधड़ी का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि वह यह पता नहीं लगा सकती कि आरोपी पीड़ित है या लोगों को प्रताड़ित करने वाला। दरअसल, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दावा किया था कि आरोपी गुजरात में बिटकॉइन के सबसे बड़े व्यापारियों में से एक था और उसने हाई रिटर्न का वादा करके दूसरों के साथ धोखाधड़ी और किडनैपिंग की। आरोपी शैलेश भट्ट के वकील मुकुल रोहतगी ने पहले तर्क दिया था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग अवैध नहीं है, खासकर 2020 से जब सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक के उस सर्कुलर को रद्द कर दिया था, जिसने बैंकों को क्रिप्टो-संबंधित लेनदेन की सुविधा देने से रोक दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कानून के अभाव में भट्ट की गिरफ्तारी गलत थी। सुप्रीम कोर्ट इससे पहले 5 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग हवाला कारोबार के नए तरीके से निपटने जैसा है।



- कोर्ट ने कहा: सरकार क्रिप्टोकरेंसी पर स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाती

## वक्फ कानून पर आज फिर सुनवाई

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज आगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार (आज) को सुनवाई तय की है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा: अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत

## संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से शुरू

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले एवं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई (आज) से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे। सूत्रों के अनुसार भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में अन्य सदस्य भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के असदुदीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आज़ाद हैं। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला भी इस समूह में जाएंगे। भाजपा के डा. रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला दूसरा समूह 25 मई को फ्रांस, 27 मई को इटली, 29 मई को डेनमार्क, एक जून को ब्रिटेन और पांच जून को जर्मनी जाएगा। समूह के अन्य सदस्य भाजपा की डा. डी. पुरन्देश्वरी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) -**शेष पृष्ठ दो पर**

# मुठभेड़ में एक लाख का इनामी सोनू उर्फ भुर्रे ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** उप्र में गोंडा जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उमरी बेगमगंज कस्बा में बदमाश सोनू उर्फ भुर्रे को घेर कर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, जिस पर बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया।

जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी। बदमाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मारा गया बदमाश चोरी और हत्या समेत कई जघन्य मामलों में वांछित था। उन्होंने बताया कि गत 24 अप्रैल को चोरी के दौरान उसने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। तब से वह फरार चल रहा था। भुर्रे के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती जैसे 48 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। मृतक बदमाश ने उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के धन्नीपुरवा गांव के रहने वाले शिवदीन की हत्या कर दी थी।



- मारा गया बदमाश चोरी और हत्या समेत कई जघन्य मामलों में था वांछित

## कमजोर लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने जनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेन्स से संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ विश्व का निर्माण इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल कितनी अच्छी तरह से करते हैं। श्री मोदी ने इस वर्ष के थीम 'स्वास्थ्य के लिए एक विश्व' का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने वर्ष 2023 में विश्व स्वास्थ्य सभा में अपने संबोधन को याद करते हुए 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के बारे में बात की। एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समावेश भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का जिक्र करते हुए कहा कि यह 58 करोड़ लोगों को मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान करती है।

# मुंबई में दो कोरोना पॉजिटिव की मौत
## डाक्टर बोले- पुरानी बीमारियों से जान गई, सरकार सतर्क

मुंबई/नई दिल्ली, वार्ता

**मुंबई के केईएम** अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डाक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी।

सिंगापुर और हॉन्गकांग में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देश में अत्यधिक सतर्कता बरत रहा है और स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय में कोविड संक्रमण के मामलों से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सरकार सतर्कता बरत रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्रों के अनुसार हॉन्गकांग और सिंगापुर के घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई। बैठक में कहा गया है कि भारत में वर्तमान में कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है। आंकडों के अनुसार 19 मई, 2025 तक, भारत में सक्रिय कोविड-19 मामलों की संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम आंकड़ा है। इनमें से लगभग सभी मामले हल्के हैं।



- सिंगापुर में संक्रमण के तीन हजार नए मामले सामने आ चुके

## 'ऑपरेशन सिंदूर' में पुंछ ब्रिगेड की थी प्रमुख भूमिका: ब्रिगेडियर महाजन

**जम्मू।** भारतीय सेना ने कहा कि पुंछ ब्रिगेड ऑपरेशन सिंदूर का सिर्फ हिस्सा ही नहीं रही, बल्कि इसमें उसकी प्रमुख भूमिका रही थी। पुंछ ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर मुदित महाजन ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, पुंछ ब्रिगेड नियंत्रण रेखा के पार से पाकिस्तान द्वारा बिना किसी उकसावे के किए गए हमलों को रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गहन और निरंतर अभियानों में लगी हुई थी। ब्रिगेडयर महाजन ने कहा कि हमने प्रतिक्रिया देने के लिए इंतजार नहीं किया, हमने हमले का जवाब देने के लिए तैयारी की। तैयारी इस हद तक की, मैं कहूंगा कि पुंछ ब्रिगेड 'ऑपरेशन सिंदूर' का हिस्सा नहीं, बल्कि उसका दिल था। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी हमले का भारतीय सशस्त्र बलों ने सोची-समझी प्रतिक्रिया के साथ मुकाबला किया।

# प्रमुख ग्रंथी ने सेना के दावे को किया खारिज
## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की नहीं दी थी अनुमति: अमरजीत

अमृतसर, वार्ता

**सचखंड श्री हरमंदिर** साहिब के अतिरिक्त प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी अमरजीत सिंह ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी.कुन्हा के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हरमंदिर साहिब के प्रमुख ग्रंथी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी।

ज्ञानी अमरजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि श्री हरमंदिर साहिब के प्रबंधन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर परिसर की बाहरी और ऊपरी लाइटें बंद करके शहर भर में ब्लैकआउट के संबंध में जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन किया था। हालांकि, जिन स्थानों पर धार्मिक आचार संहिता (मर्यादा) का पालन किया जाता है, वहां लाइटें जलाई गईं और धार्मिक स्थल की पवित्रता को पूरी जिम्मेदारी के साथ बनाए रखा गया। उन्होंने कहा कि सेना अधिकारी द्वारा किया गया दावा कि प्रमुख ग्रंथी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी, पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की कोई अनुमति कभी नहीं दी गई थी और न ही इस पवित्र स्थल पर ऐसी किसी तैनाती की अनुमति दी गई थी। उन्होंने दोहराया कि श्री दरबार साहिब, गुरु रामदास जी के लंगर, श्री अखंड पाठ साहिब के स्थान और अन्य संबंधित गुरुद्वारों में दैनिक धार्मिक अनुष्ठान सख्त प्रोटोकॉल के अनुसार किए जाते हैं और किसी को भी उनमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। हाल के दिनों में तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद, श्री हरमंदिर साहिब में पूरी धार्मिक आचार संहिता समर्पण और अनुशासन के साथ जारी रही। अतिरिक्त प्रमुख ग्रंथी ने स्पष्ट किया कि ब्लैकआउट के दौरान भी किसी भी धार्मिक स्थल पर लाइट बंद नहीं की गई, जहां मर्यादा मनाई जा रही थी। उन्होंने आश्चर्य और चिंता व्यक्त की कि सेना अधिकारी द्वारा ऐसा बयान क्यों दिया गया और विश्वास के साथ कहा कि बंदूकें लगाने की कभी कोई अनुमति नहीं दी गई थी।



- हरमंदिर साहिब के प्रबंधन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर ब्लैकआउट के संबंध में जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का किया था पालन

## हाईकोर्ट की रिपोर्ट
# मुर्शिदाबाद हिंसा में टीएमसी नेता की भूमिका

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अप्रैल में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति ने गंभीर खुलासे किए हैं। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेता की भूमिका थी।

हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। दरअसल, 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे। पश्चिम बंगाल में 11-12 अप्रैल को नए वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ उग्र हो गई थी। इसके बाद मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई।

- पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन नहीं आई

## संक्षिप्त समाचार

### मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की है और निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन की सलाह दी है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़ अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय। शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित। निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले, तो बेहतर।

### खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा को सबसे बड़ी चुनौती बताया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया है तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है। खट्टर ने ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रासीलिया में कल आयोजित ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### 2018 के बाद प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा समाप्त होगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश से प्राथमिक 69,000 सहायक अध्यापकों की भर्ती में चयनित ऐसे शिक्षक, जिन्होंने 2018 के बाद शैक्षिक योग्यता प्राप्त की थी, उनकी सेवा अब समाप्त कर दी जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस मामले में निर्देश जारी कर दिया गया है। सचिव ने बीएसए को आदेश देते हुए कहा कि जिन्होंने 2018 के बाद आवेदन किया था, उन शिक्षकों की सेवा तुरंत खत्म कर दी जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी इस मामले में आदेश देते हुए कहा तय तिथि के बाद अभ्यर्थी का चयन नहीं होगा। 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में कई ऐसे शिक्षक हैं, जिन्होंने तय तिथि के बाद आवेदन किया था। 2018 तक हुआ था शिक्षक भर्ती का आवेदन, लेकिन इसके बाद भी तय तिथि के बाद भी अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने साफ-साफ कहा है की 2018 के बाद जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, वह अब चयन के पात्र नहीं हैं। शिक्षकों के चयन के दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## योगी ने कासगंज में साठ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

# आंतरिक सुरक्षा को पुलिस आधुनिकीकरण जरूरी

**कासगंज, वार्ता**



पुलिस लाइंस बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च हुए, पुलिस के मार्डन होने पर मील का पत्थर साबित होगी : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस बल का आधुनिकीकरण बहुत जरुरी है। कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर उन्होंने 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया, इसे बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च किए गये हैं।

योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार कासगंज की पौराणिक और आध्यात्मिक विकास के साथ ही यहां की बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2008 में बना कासगंज जिला विकास के लिए तरस रहा था। 2017 से पहले की सरकारों के एजेंडे में विकास कभी नहीं रहा, अराजकता और भ्रष्टाचार ही उनकी पहचान थी। आज कासगंज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कासगंज में नवनिर्मित पुलिस लाइंस उत्तर प्रदेश पुलिस की आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 191 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह पुलिस लाइंस 1,000 पुलिस कर्मियों के लिए बैरक, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, ऑडिटोरियम और अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस कर्मी टूटी-फूटी बैरकों में रहने को मजबूर थे, लेकिन अब हाई-राइज इमारतों में शानदार आवासीय सुविधाएं दी जा रही हैं। यह पुलिस लाइंस देश के लिए एक मॉडल है। योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की तारीफ करते हुए कहा कि यह पुलिस को सशक्त बनाने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सीएम ने कहा कि आज यूपी पुलिस माफियाओं के लिए काल बन चुकी है। कोई माफिया समानांतर सरकार नहीं चला सकता, न ही गरीब की संपत्ति पर कब्जा कर सकता है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा पर सेंध लगाने की कोशिश करने वालों को अब यमराज का इंतजार करना पड़ता है। उन्होने कहा कि जैसे देश की सुरक्षा के लिए पीएम मोदी के सेना का आधुनिकीकरण किया, जिसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में देखनो को मिला, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया। उन्होंने कहा कि अगर हमारे पास मजबूत सेना और बहादुर जवान न होते, तो देश की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। आज भारतीय सेना दुश्मन के घर में घुसकर उसका खात्मा करने की क्षमता रखती है। वैसे ही देश और राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण करना जरूरी है। योगी ने 2017 से पहले की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उस दौर में उत्तर प्रदेश में अराजकता का माहौल था।

### पूर्ववर्ती सरकारें फैलाती थी अराजकता

उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 में कासगंज जिले के गठन के बाद भी पूर्ववर्ती सरकारों ने पुलिस लाइंस जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराईं। 2008 से 2017 तक, न जमीन दी गई, न पैसा। 12 जिलों में पुलिस लाइंस नहीं थीं। डीएम और एसपी को ब्लॉक में बैठना पड़ता था। ऐसी स्थिति में 25 करोड़ की आबादी की सुरक्षा कैसे संभव थी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें गुंडों के साथ मिलकर अराजकता फैलाती थीं, सज्जनों को प्रताड़ित करती थीं।

## पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता पर भ्रष्टाचार का आरोप

**राज्य मंत्री की शिकायत पर सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश**

**लखनऊ।** यूपी के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता रामनाथ सिंह पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की शिकायत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला तब सामने आया, जब राज्य मंत्री ने 1 मई को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मुख्य अभियंता पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। मुख्यमंत्री को कई दिनों से रामनाथ सिंह के भ्रष्टाचार के बारे में शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों में कहा गया था कि रामनाथ सिंह ने अफसरों से सठगांठ करके लखनऊ में पिछले 18 साल से तैनाती कर रखी थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने करीबी ठेकेदारों को टेंडर दिलाने और कमीशन वसूलने का भी आरोप झेला है। इसके अलावा रामनाथ सिंह पर यह भी आरोप है कि उन्होंने ठेकेदारों के रजिस्ट्रेशन में फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर मोटी रकम कमाई। इसमें भी आरोप है कि रामनाथ सिंह निर्माण कार्यों की जांच करने के नाम पर वसूली करते थे। अपने नजदीकी कर्मचारियों को भी दो-दो पदों का लाभ दिलाने के आरोप भी उन्हें झेलने पड़ रहे हैं। इन सब आरोपों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनाथ सिंह का तत्काल स्थानांतरण करने का आदेश दिया है और मामले की जांच के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मयंकेश्वर शरण सिंह ने सीएम से मुलाकात में आरोप लगाया था कि रामनाथ सिंह ने विभाग में अपनी लंबी तैनाती का फायदा उठाते हुए कई घोटाले किए हैं और उन्होंने विभागीय कार्यों में अनियमितताएं बरती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग में पारदर्शिता की कमी के कारण भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जिससे सरकारी कामों में देरी और गुणवत्ता की कमी आ रही है।

## राहुल ने कर्नाटक में छठी गारंटी का शुभारंभ किया

**होसपेट, वार्ता**



सरकार के दो साल पूरे होने पर संकल्प रैली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की छठी गारंटी के रूप में नई भूमि अधिकार पहल की घोषणा की।

सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर यहां आयोजित समर्पण संकल्प रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने प्रत्यक्ष लाभ योजनाओं के माध्यम से लोगों के कर के पैसे को वापस करने का अपना वादा पूरा किया है और अब वंचितों के लिए भूमि स्वामित्व सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भूमि स्वामित्व का मुद्दा लंबे समय से अनसुलझा है, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और गैर-मान्यता प्राप्त राजस्व गांवों में रहने वाले आदिवासी समुदाय प्रभावित हैं। हमने देखा कि हालांकि बहुत सारी जमीन है, लेकिन कई लोग कानूनी रूप से इसके मालिक नहीं हैं। इस छठी गारंटी के साथ, हमारा लक्ष्य उस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारना है। इस मौके पर उन्होंने घोंषणा की कि सरकार 500 नए राजस्व गांवों को अधिसूचित करेगी और वर्तमान में बिना औपचारिक शीर्षक वाले परिवारों के लिए भूमि का सही स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय गारंटी समितियों की स्थापना करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक देश का पहला राज्य होगा जो सार्वभौमिक भूमि स्वामित्व को लागू करेगा। भूमि लोगों की है। यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए हमारा दृष्टिकोण है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ चर्चा का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल हाशिए पर पड़े समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी पर एक ऐसे मॉडल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जिसका लाभ केवल कुछ अमीर परिवारों को मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मॉडल के तहत सार्वजनिक धन विदेश में, लंदन और न्यूयॉर्क की संपत्तियों में जाता है, जबकि हमारा मॉडल गरीबों के हाथों में और स्थानीय अर्थव्यवस्था में पैसा पहुंचाता है।

## स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गिरफ्त में: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



गरीब सरकारी निजी अस्पतालों के बीच फंसे

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। विभागीय मंत्री अस्पतालों, चिकित्सालयों की व्यवस्था सुधारने और मरीजों के इलाज के बजाय दूसरे कामों में व्यस्त है। उन्हें आम जनता और मरीजों की समस्याओं और परेशानी से कोई मतलब नहीं है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में सरकारी और निजी अस्पतालों में मनमानी चरम पर है। भाजपा सरकार मरीजों और उनके तीमारदारों को इलाज और न्याय दिलाने के बजाय पीड़ितों पर लाठीचार्ज करती है। अस्पतालों में दवा, जांचें और उचित इलाज नहीं मिल रहा है। गरीब सरकारी और निजी अस्पतालों के बीच भटकने पर मजबूर हैं। अस्पतालों में कहीं डॉक्टर नहीं है, कहीं स्ट्रेचर और बेड नहीं है, तो कहीं जांचें ठप्प है। स्वास्थ्य विभाग इलाज और सुविधाओं की जगह भ्रष्टाचार और आगजनी की घटनाओं के लिए पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के अभाव में थक हार कर मरीज निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हो रहे है।

निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर लूट हो रही है। कन्नौज के छिबरामऊ में निजी अस्पताल में डाक्टरों की लापरवाही से एक बेटी रूचि गुप्ता को जान गवानी पड़ी। बेटी के लिए न्याय मांगने वालों पर सरकार ने अत्याचार किया। न्याय के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भाजपा सरकार की पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कन्नौज के भाजपा नेता सुब्रत पाठक, विधायक श्रीमती अर्चना पाण्डेय और सरकार का आरोपियों को संरक्षण है। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाली में डूबती जा रही है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से मरीजों का भरोसा उठता जा रहा है। जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर केवल बिल्डिंगे खड़ी है। समाजवादी सरकार में जौनपुर, आजमगढ़, जालौन, कन्नौज समेत कई जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाए गए। लखनऊ में विश्वस्तरीय कैंसर संस्थान बनाया गया। लेकिन इस सरकार ने इलाज और सुविधाओं के लिए पर्याप्त बजट तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री अपने विभागीय कार्यों में असफल होने के बाद वे ध्यान भटकाने के लिए दूसरों पर कीचड़ उछालने के कार्य में ज्यादा रूचि ले रहे है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए हम तैयार हैं: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए सभी नागरिक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। अब्दुल्ला ने गंदेरंबल जिले में माता खीर भवानी मंदिर के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। प्रशासन का तत्काल ध्यान तीन जून को कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए एक धार्मिक आयोजन, वार्षिक माता खीर भवानी मेले के सफल आयोजन पर है। उन्होंने से कहा कि जहां तक नागरिक व्यवस्थाओं का सवाल है, हम पूरी तरह तैयार हैं। जहां तक सुरक्षा का सवाल है, उचित कदम उठाए जाएंगे। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। अमरनाथ यात्रा, हिंदू धर्म की सबसे प्रतिष्ठित तीर्थयात्राओं में से एक, पारंपरिक रूप से सोनामर्ग- बालटाल और पहलगाम मार्गों से संचालित की जाती है।

## उप्र में प्रचंड तपिश से राहत पहुंचाएंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में 23 मई को आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं, जिसके चलते तापमान में मामूली गिरावट आने का अनुमान है।


मौसम विभाग के अनुसार निचले क्षोभमंडल में प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर पाकिस्तान से बांग्लादेश तक विस्तृत द्रोणी के कारण चल रही आर्द्र पुरवा के प्रभाव से बुन्देलखंड को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में दैनिक उतार चढ़ाव के बावजूद यद्यपि अधिकतम तापमान सामान्य अथवा सामान्य से कम बने हुए हैं। हालांकि वायुमंडलीय आर्द्रता का स्तर बढ़ने से आभासी तापमान वास्तविक तापमान से अधिक होने के परिणामस्वरूप उमस भरी गर्मी अभी भी जारी है। उन्होने बताया कि बुन्देलखंड एवं आसपास के क्षेत्रों में अभी तक आ रही पछुआ के कारण बांदा एवं झांसी में 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किए गए। इस दौरान प्रदेश के तराई इलाकों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा भी रिकॉर्ड की गई।

विभाग के अनुसार आगामी 24-48 घंटों के दौरान इन परिस्थितियों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने तथा 22 मई को अरब सागर में संभावित निम्न दाब क्षेत्र एवं इसके उत्तरोत्तर घानीभूत होते हुए उत्तर दिशा की ओर बढ़ने से अरब सागर से आने वाली नम दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं का प्रदेश में चल रही पुरवा हवाओं के साथ समागम के परिणामस्वरूप 23 मई से प्रदेश में वर्षा के क्षेत्रफल एवं तीव्रता दोनों में वृद्धि होने से तापमान में थोड़ी और गिरावट आने की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

## मुनाफावसूली से शेयर बाजार में मचा कोहराम

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा भारी मुनाफ़ावसूली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 872.98 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 81,186.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 44,385.27 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत कमजोर रहकर 50,938.03 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4104 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2534 में मुनाफावसूली जबकि 1435 में तेजी रही, वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2969 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1974 में गिरावट जबकि 915 में लिवाली हुई, वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.94, सीडी 1.81, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 1.14, वित्तीय सेवाएं 1.29, हेल्थकेयर 1.14, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.37, दूरसंचार 1.35, यूटिलिटीज 1.64, ऑटो 2.13, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 0.22, तेल एवं गैस 0.70, पावर 1.43, रियल्टी 1.10, टेक 0.56, सर्विसेज 1.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 0.08, हांगकांग का हैंगसेंग 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक की तेजी के साथ 82,116.17 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 82,250.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं दोपहर बाद हुई भारी मुनाफावसूली से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,153.70 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,059.42 अंक के मुकाबले 1.06 प्रतिशत की गिरावट लेकर 81,186.44 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24,996.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,010.35 अंक के उच्चतम जबकि 24,669.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,945.45 अंक की तुलना में 1.05 प्रतिशत लुढ़ककर 24,683.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स में आईटीसी, इंफ़ोसिस और टाटा स्टील की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे।

## उठाव कमजोर, खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट की तेजी के साथ 3926 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट गिरकर 49.30 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 512 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल सस्ते हो गए, जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल में 147 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100- 6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पोस्टर वॉर...** को राहुल गांधी ने एक्स पर निजी न्यूज चैनल का वीडियो शेयर कर जयशंकर पर पाकिस्तान को जानकारी देने का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा कि विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा कि सरकार ने ऐसा किया। उन्हें किसने अधिकार दिया? इसके चलते हमें वायुसेना को कितने विमान गंवाने पड़े? विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया था। वहीं, डीजीएमओ राजीव घई ने कहा था कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इन्कार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने 19 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने भाजपा को 'सिंदूर का सौदागर' कहा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प दावा करते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाया। भारत को व्यापार बंद करने की धमकी दी। यानी सिंदूर का सौदा होता रहा और पीएम चुप रहे। इसके साथ ही खेड़ा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से राहुल गांधी के सवाल दोहराए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने स्वीकारा है कि उन्होंने एयर स्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को जानकारी दे दी थी। अब सरकार बताए, इस वजह से हमने कितने विमान गंवाए। ये कोई गलती नहीं थी, ये एक अपराध था, पाप था। देश को सच्चाई जानने का हक है।

**संसदीय दलों...**

की प्रियंका चतुर्वेदी, नामांकित गुलाम अली खटाना, कांग्रेस के डा. अमर सिंह, भाजपा के समिक भट्टाचार्य और श्री एमजे अकबर हैं। इस समूह में राजदूत पंकज सरन भी शामिल होंगे। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष संजय झा के नेतृत्व वाला तीसरा समूह 22 मई को जापान, 24 मई को दक्षिण कोरिया, 27 मई को सिंगापुर, 28 मई को इंडोनेशिया और 31 मई को मलेशिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस के यूसुफ पठान, भाजपा के बृजलाल, माकपा के जॉन ब्रिटास, भाजपा के प्रधान बरुआ, भाजपा के हेमांग जोशी और सलमान खुर्शीद हैं। राजदूत मोहन कुमार भी इस समूह का हिस्सा होंगे। शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाले चौथा समूह 21 मई को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), 24 मई को कांगो, 28 मई को सिएरा लिओन और 31 मई को लाइबेरिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा की बांसुरी स्वराज, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा के अतुल गर्ग, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, भाजपा के मनन कुमार मिश्रा और भाजपा के एसएस आहलूवालिया हैं। इस समूह में राजदूत सुजॉन चिनॉय भी शामिल होंगे। कांग्रेस के शशि थरूर के नेतृत्व वाला पांचवां समूह 25 मई को गुयाना, 27 मई को पनामा, 29 मई को कोलंबिया, 31 मई को ब्राज़ील और तीन जून को अमेरिका जाएगा।

इस समूह के अन्य सदस्य लोक जनशक्ति पार्टी की शांभवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, तेलुगु देशम पार्टी के जीएम हरीश बालयोगी, भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी, भाजपा के भुवनेश्वर कलिता, शिवसेना के मिलिंद देवड़ा और भाजपा के तेजस्वी सूर्या हैं। इस समूह में राजदूत तरणजीत संधू भी शामिल हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाले छठवां समूह 22 मई को रूस, 25 मई को स्लोवेनिया, 27 मई को यूनान, 29 मई को लात्विया और 31 मई को स्पेन जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य समाजवादी पार्टी के राजीव राय, नेशनल कॉन्फ्रेंस के मियां अल्ताफ अहमद, भाजपा के कैप्टन बृजेश चौटा, राष्ट्रीय जनता दल के प्रेमचंद गुप्ता और आम आदमी पार्टी के अशोक मित्तल हैं। इस समूह में राजदूत मंजीव पुरी और राजदूत जावेद अशरफ भी शामिल होंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाला सातवां समूह 24 मई को कतर, 27 मई को दक्षिण अफीका, 29 मई को इथिओपिया और एक जून को मिस्र जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी, आम आदमी पार्टी के विक्रमजीत सिंह साहनी, कांग्रेस के मनीष तिवारी, भाजपा के अनुराग ठाकुर, तेलुगु देशम पार्टी के लावू श्री कृष्ण देवरायालु, कांग्रेस के आनंद शर्मा और भाजपा के वी. मुरलीधरन शामिल होंगे। इस समूह में राजदूत सैयद अकबरुद्दीन भी शामिल होंगे।

## सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है।

गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं, बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गये हैं। उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे। 'गुजरात समाचार' ने कांग्रेस के खिलाफ भी लिखा है, लेकिन हमने कभी उनके यहां ईडी या सीबीआई नहीं भेजी या कभी छापेमारी नहीं करवाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश देखना चाहता है कि कब मोदी सरकार हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों को गिरफ्तार करेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सेना के सम्मान में निकाली शौर्य यात्रा



## प्रभारी मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सेना के सम्मान में एक तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा को प्रभारी मंत्री एवं वन पर्यावरण जंतु उद्यान व जलवायु परिवर्तन मंत्री केपी मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शौर्य यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा नगर की राजपूत कॉलोनी स्थित एक बैंकट हॉल से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क, इंदिरा चौक, पंसारा बाजार, दरबार घास मंडी होते हुए रहरा अड्डे पर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग देशभक्ति के गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे। वही यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में लोग भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वही प्रभारी मंत्री केपी मलिक द्वारा बताया गया कि भारतीय सेना ने साबित कर दिया है कि भारत किसी से नहीं डरता। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। तिरंगा शौर्य यात्रा का भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर पुष्प वर्षा एवं जलपान कराकर स्वागत किया गया।तिरंगा यात्रा में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी,भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, उषा शर्मा,राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, अंकुर अग्रवाल,शिखर अग्रवाल, योगेंद्र प्रजापति, संजय शर्मा, मयंक अग्रवाल,अक्षि अग्रवाल, मनोज गोयल,अमित अग्रवाल,राहुल शर्मा, विवेक शर्मा, अजय पाल,विक्रम महंत, मुजाहिद चौधरी,वीर सिंह प्रजापति, कालू उर्फ राकेश बंसल, महेश प्रजापति, राजीव गोयल समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महिला की हत्या में उम्रकैद की सजा

## कोर्ट ने दो हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई जबकि दो हजार रूपये का जुर्माना भी सुनाया।

9 मई 2019 की वारदात शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीनगर की थी। संभल जिले के चंदौसी थाना क्षेत्र के गांव सिंभौली निवासी मोहनलाल उर्फ राम प्रसाद उर्फ ओमप्रकाश मोहल्ले में रहने वाले छत्रपाल सिंह के मकान में किराए पर रहता था। उसके साथ में बदायूं जिले के गांव रफातपुरा की रहने वाली सीमा नाम की एक युवती भी रहती थी, लोगों के पूछने पर जिसे ओमप्रकाश अपनी बेटी बताता था। कुछ दिन बाद उसने सीमा की शादी शहर के मोहल्ला डाकबंगला में रहने वाले चंद्रसैन नाम के एक युवक के साथ तय कर दी थी। गजरौला में गोदभराई की रस्म हुई थी। वहीं, सीमा इस शादी से नाखुश थी और किसी दूसरे युवक के साथ शादी करने की जिद करती थी। विवाद बढ़ने पर ओमप्रकाश ने किराए के मकान में धारदार हथियार से गला रेतकर सीमा को मौत के घाट उतार दिया था। हत्याकांड अंजाम देने के बाद ओमप्रकाश शहर छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने मामले में मुक़दमा दर्ज करने के बाद आरोपी ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था लेकिन इससे पहले पूछताछ में उसने हैरान कर देने वाला खुलासा किया था। पता चला था कि सीमा ओमप्रकाश की बेटी नहीं थी बल्कि वह बदायूं से उसका अपहरण करने के बाद शहर लेकर आया था। दोषी ओमप्रकाश आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों को शादी कराने का झांसा देकर अपने झांसे में फंसा लेता था और बाद में उन्हें बेच देता था। फिलहाल, मोहनलाल उर्फ राम प्रसाद उर्फ ओम प्रकाश इस मुकदमे में जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट संजय चौधरी की अदालत में चल रही थी। अभियोजन की ओर से एडीजीसी मनोज सक्सेना की पैरवी मजबूत रही। मंगलवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर ओम प्रकाश को दोषी माना गया। अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई तथा दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## दुकान पर बैठी महिला से छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** युवक ने दुकान पर अकेली बैठी महिला को दबोच लिया। इतना ही नहीं सरेआम महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने विरोध किया तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि परिवार का पालन पोषण करने के लिए परचून की दुकान चलाती हूं। गांव का ही युवक मुझे अकेला देख आकर छेड़छाड़ करने लगा जब शोर मचाया तो युवक मौका पाकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष रहरा सुकर्मपाल राणा ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश जारी है।

# इंटर कालेज के ताले तोड़ हजारों की चोरी

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बीती रात अज्ञात चोरों ने इंटर कॉलेज के कार्यालय में रखी अलमारी के ताले तोड़कर सोलर प्लेट समेत बैटरी और कुछ जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिया। सुबह प्रधानाचार्य जब कॉलेज पहुंचे तो कार्यालय के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गये। पुलिस को तहरीर दी गई है।

थाना आदमपुर के कस्बा ढवारसी में जेआईएन अताउल्ला इंटर कॉलेज स्थित है। मंगलवार की सुबह जब कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार कॉलेज पहुंचे तो कार्यालय के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गये। अंदर जाकर देखा तो कार्यालय में रखी अलमारी के ताले टूटे हुए थे। चेक करने पर पता चला कि अज्ञात चोर सोलर प्लेट,एक बैटरी और कॉलेज के कुछ जरूरी कागजात चोरी करके ले गये हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार द्वारा बताया गया कि अज्ञात चोर इससे पूर्व में भी चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देने के बाद भी मामले में अभी तक कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है। वही इंटर कॉलेज में हुई चोरी से अध्यापकों में रोष व्याप्त है। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चोरी से संबंधित जानकारी जुटाई है।

# शिक्षार्थियों को किया प्रमाण पत्र का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** इफरा सोसायटी फॉर सोशल वेलफेयर संस्था द्वारा प्रौढ़ शिक्षार्थियों को सह सम्मान व प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

मंगलवार को ग्राम हैबतपुर बंजारा में शिव नादर फाउंडेशन के सहयोग से ब्लॉक में संचालित शिक्षा प्लस प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के तहत साक्षर होने वाले नव साक्षर व्यक्तियों को सह सम्मान व प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने किया। इस दौरान बताया गया इससे कि ब्लॉक की 13 ग्राम पंचायत एवं हसनपुर अर्बन के 6 वार्ड को पूर्ण साक्षर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले



लर्नरों से इससे आगे जाकर भी अपनी पढ़ाई जारी रखने पर बोल दिया। शिक्षा प्लस कार्यक्रम के प्रोजेक्टर विजय आनंद वर्मा ने कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि शिव नादर वेलफेयर के सहयोग से चलने वाले इस कार्यक्रम से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अब तक लगभग डेढ़ लाख लोगों को साक्षर किया जा चुका है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, ग्राम प्रधान नसीम अहमद, सईद अहमद, फिरदौस, सबरे अध्यक्ष, खनसा, मोहसिन अली, दीक्षा सफिया मौजूद थे।

# बढ़ते प्रदूषण के दुष्प्रभावों व योग विषय पर व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में प्रेरक वक्ता पॉलिटेक्निक महाविद्यालय मेरठ के सेवानिवृत्त प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह ने पर्यावरण प्रदूषण एवं उसके संरक्षण पर विस्तार से

■ **ज्ञान भारती कॉलेज में विद्वानों ने किया मार्गदर्शन**

अपने विचार रखे। बढ़ते प्रदुषण के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं व स्टॉफ से अधिकाधिक पौधारोपण का आह्वान किया। कहा कि आज



बढ़ते प्रदुषण के कारण बीमारियां भी बढ़ी हैं, शासन प्रशासन को चाहिये कि प्रदुषण फैलाने वाले कारखानों व संस्थानों पर सख्ती की जाए, ताकि वे प्रदुषण न करें। इसी के साथ ही उन्होंने सांस्कृतिक व राजनैतिक प्रदुषण के बारे में भी बात करते हुए कहा कि राजनैतिक व सामाजिक लोगों में कोई भी बयान सोच समझकर देना चाहिये, जिससे लोगों में गलत संदेश न जाए। वहीं दूसरी वक्ता रजनी कश्यप ने स्वास्थ्य में 'योग के महत्व' विषय पर छात्र-छात्राओं से विस्तार से चर्चा की और योगों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी, लोकेंद्र सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार एवं स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# फर्जी प्रमाण पत्र से कार्यकत्री पर नौकरी पाने का आरोप

## एसडीएम से की मामले की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव रूपा नांगल निवासी अवेस्ता पत्नी योगेश ने उपजिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा आंगनवाड़ी भर्ती निकाली गई थी। जिसकी भर्ती की अन्तिम तिथि 18 अप्रैल थी और आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती में सरकार ने पात्रता के लिए पहले नम्बर पर विधवा महिला तथा दूसरे नम्बर पर विकलांग महिला व तीसरे नम्बर पर मेरिट के आधार पर चयनित करना है। लेकिन दूसरे गांव कि युवती ने अपनी फर्जी शादी के कागजात बनवाकर गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिए आवेदन किया। युवती ने 10 मार्च 2025 का लव मैरिज प्रमाण जांच अधिकारी के द्वारा दर्शाया है। जबकि ग्राम प्रधान का शादी नहीं होने का प्रमाण पत्र लगा हुआ है। जबकि भर्ती प्रक्रिया में आवे. दन करने का 18 अप्रैल 2024 अंतिम दिनांक थी। जिसमें उसके विरोध में लगाये गये प्रमाण पत्रों की जांच की गई। उसके द्वारा धोखाधड़ी व अधिकारियों को गुम. राह किया गया है। पीड़िता ने युवती के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आवेदन निरस्त करने की मांग की गई है।

# एबीसी केबिल के बंडल चोरी का खुलासा

## दो चोर माल के साथ दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गोदाम से एबीसी केबिल के दो बंडल चोरी होने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो युवकों की गिरफ्तारी की है, जिनके कब्जे से चोरी किए गए तार के दो बंडल बरामद होने का दावा किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरो. पियों का चालान कर दिया है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर पट्टी निवासी ठेकेदार सतपाल सिंह का अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में जोया रोड स्थित बंबूगढ़ तिराहे पास गोदाम है। जिसमें लाइन शिफ्टिंग से जुड़ा सामान के अलावा तार के बंडल रखे रहते हैं। बीती 19 मई की रात अज्ञात चोरों ने गोदाम में घुसकर एबीसी केबिल के दो बंडल चोरी कर लिए थे। घटना की जानकारी पर अगले दिन सतपाल सिंह की पत्नी सविता अमरोहा देहात थाने में चोरी की तहरीर दे दी थी। मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस तभी से चोरी की सुरागकशी में जुटी थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया के निर्देशन में क्लू मिलने पर पुलिस ने मंगलवार को शक की बिना पर गांव अकबरपुर पट्टी के रहने वाले अभिषेक व संजीव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने गोदाम में चोरी करना स्वीकार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि निशानदेही पर चोरी किए एबीसी केबिल के दोनों बंडल बरामद कर लिए गए हैं। चालान कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, रिमांड मंजूर होने के बाद दोनों को वहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## कार्यकत्री नहीं करतीं पुष्टाहार का वितरण



**रहरा।** शासन द्वारा बच्चों के लिए भले ही भरपूर मात्रा में ड्राई राशन मुहैया कराए जा रहा हो लेकिन कार्यकत्रियां इसमें घपला करने से बाज नहीं आ रहीं। मामला ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मरौरा का है आंगनबाड़ी केंद्र पर राशन न मिलने पर महिलाओं ने शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। सीवलियन विद्यालय में प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पिछले कई महीनों से (अनुपूरक पुष्टाहार) नहीं मिला। महिला एवं बाल विकास योजनांतर्गत तमाम लाभार्थियों को इससे वंचित किया जा रहा है और बच्चों के लिए आने वाला ड्राई राशन फर्जी वितरण दिखाकर हड़प लिया जाता है। प्रदर्शन करने वालों में रामवती, प्रवेश देवी, रूमाली, ओमवती, नीरज देवी, शारदा, रामश्री, राजवाला आदि मौजूद रहे।

# निलम्बित दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## सीजेएम कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दस हजार रुपये मांगने के आरोप में घिरकर निलंबित हुए दरोगा परशुराम के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर दर्ज इस मुकदमे की विवेचना एसएसआई अभिलाष प्रधान को सौंपी गई है। रिश्वत मांगने से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद निलंबित होने वाले दरोगा पर झुंझलाहट में मारपीट करने और धमकी देने का आरोप है। वहीं, आरोपी दरोगा ने दो दिन पूर्व अमरोहा देहात थाने में वादी समेत उसके दो भाईयों पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला त्रिपोलिया के रहने वाले मुजीबुर्रहमान, उनके भाई मोहम्मद अजीम व मोहम्मद समी के ख़िलाफ़ करीब आठ महीने पहले गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। वहीं, इससे पूर्व आरोपियों से संबंधित एक धोखाधड़ी के दूसरे मुकदमे की विवेचना वासुदेव चौकी इंचार्ज परशुराम द्वारा की गई थी, जिसमें चार्जशीट लगी थी। धमकी देने से जुड़े मामले में आरोपी पक्ष ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने मुकदमे में स्टे कर दिया था, विवेचक को सात दिन के भीतर काउंटर एफीडेविट दाखिल करने का आदेश दिया था। काउंटर एफिडेविट वासुदेव चौकी के प्रभारी परशुराम को दाखिल करना था। आरोप है कि बीती 19 मार्च को दरोगा परशुराम ने आरोपी मुजीबुर्रहमान को बातचीत करने के बहाने से चौकी पर बुलाया था। इसके बाद प्रयागराज आने-जाने के अलावा सील दाखिल करने और उससे जुड़े दूसरे खर्च के बदले में 10 हजार रुपये मांगे थे। मुजीबुर्रहमान ने चुपके से इस बातचीत का वीडियो बनाकर बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने वासुदेव चौकी इंचार्ज परशुराम को निलंबित कर दिया था। आरोप है कि इसके बाद निलंबित दरोगा मुजीबुर्रहमान के घर पहुंचे, शिकायत वापस नहीं लेने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत शहर कोतवाली में की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा आखिर में उन्होंने अदालत की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में सीजेएम कोर्ट के आदेश पर निलंबित दरोगा परशुराम के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दरोगा की मुख्यमंत्री से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्रामीण ने दरोगा पर झूठे मुकदमे में जेल भेजे जाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर शिकायत की है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव चकफेरी निवासी रमेश पुत्र बुद्ध ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कहा है कि थाना आदमपुर में तैनात दरोगा उसकी जमीन पर दबंगों से हमसाज होकर अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। जब वह शिकायत करने के लिए थाने पहुंचा तो दरोगा ने उसे ही उल्टा जेल भेजने की धमकी दी है। ग्रामीण का आरोप है कि दरोगा दबंगो से हमसाज हो चुका है। और उसकी जमीन पर कब्जा करवा रहा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय करने की गुहार लगाई है।

# 'भव्य सम्मान समारोह' में टॉपर्स को किया सम्मानित

## नागपाल इंटरनेशनल स्कूल ने किया कार्यक्रम, विद्यालय की चेयरपर्सन व पूर्व सांसद ने बच्चों के प्रयास को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित 'सम्मान समारोह' में सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल में जनपद टॉपर एवं मंडल में तृतीय छात्रा 'आरना त्रिपाठी' व इंटरमीडिएट में जनपद टॉप टेन में सप्तम छात्र 'धनंजय पांडेय' समेत टॉपर्स रहे अन्य छात्र छात्राओं को विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल, मार्गदर्शक/पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, निदेशक समीर नागपाल व प्रधानाचार्या निशि सिंह ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया और उनके प्रयास को सराहा। आरना त्रिपाठी व धनंजय पांडेय के माता पिता को भी मंच से सम्मानित किया गया। मंगलवार को बीकानेर लॉज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व सरस्वती वंदना के हुआ। जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने कई गीतों पर नृत्य करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। चेयरपर्सन ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने जिस लगन, परिश्रम और संकल्प के साथ यह सफलता प्राप्त करके नाम रोशन किया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम ही कम है। हमें अपने स्कूल के बच्चों व स्टॉफ पर गर्व है। मार्गदर्शक देवेन्द्र नागपाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं के साथ

■ **छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा**

साथ उनके अभिभावकों का प्रयास भी सराहनीय है, जिन्होंने अपने बच्चों को पढ़ने के लिये माहौल दिया। इस सफलता में बच्चों की मेहनत के साथ साथ स्टॉफ का कड़ा परिश्रम भी निहित है। निदेशक समीर नागपाल ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए इन क्षणों को गर्व का अवसर बताया। स्कूल प्रबंधन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिये छात्रवृत्ति की घोषणा भी की। अपने बच्चों को पुरस्कृत होता देखकर अभिभावक भावुक हो उठे। छात्रा आरना त्रिपाठी के पिता व जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड में एसोसिएट डायरेक्टर रत्नेश त्रिपाठी ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था को सराहा। अभिभावक पंडित विजय शर्मा ने विद्यालय स्टॉफ की मेहनत और प्रबंधन द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी विद्यालय के बच्चे इसी तरह से शानदार प्रदर्शन करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका दीपाली कोहली व शिक्षक मोहित तोमर ने किया। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ के सभी सदस्य व अभिभावक मौजूद रहे।




■ गजरौला। नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में टॉपर्स को सम्मानित करतीं चेयरपर्सन अंशु नागपाल आदि।

## एसपी ने सुनी पेंशनर्स की समस्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस पेंशनरों की समस्याएं सुनीं और उनका त्वरित निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को एसपी ने पुलिस पेंशनरों के साथ संगोष्ठी की। इसमें उन्होंने पेंशनरों से उनकी व्यक्तिगत और विभागीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली। वहीं, उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके साथ ही एसपी ने पुलिस पेंशनरों से बीट पुलिस अधिकारी के गांव में पहुंचने पर उसका अपेक्षित सहयोग करने को कहा। साइबर अपराधों के सम्बन्ध में सचेत किया। कानून एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस पेंशनरों से संवेदनशील घटनाओं व असमाजिक तत्वों के विषय में तत्काल पुलिस को सूचित करने का अनुरोध किया।

# ओवरटेक के प्रयास में ट्रक से भिड़ी कार

## हाइवे पर बने जाम के हालात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रामनगर में पिकनिक टूर पर जा रहा राजस्थान का एक परिवार हाईवे पर हादसे का शिकार हो गया। अतरासी ओवरब्रिज पर ओवरट्रेक करते में अनियंत्रित हुई कार की ट्रक से भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। कार में सवार लोगों सिर्फ मामूली घायल हुए। उपचार के लिए इनकार कर परिवार गंतव्य के लिए रवाना हो गया हालांकि ट्रक और कार के सड़क के बीचो-बीच खड़े होने से हाईवे करीब आधा घंटा तक जाम की स्थिति बनी रही। इस कारण वाहनों को रेंग-रेंगकर गुजरना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक हादसा मंगलवार सुबह करीब 6 बजे हुआ। राजस्थान निवासी अनीत कुमार पिकनिक टूर पर परिवार के लोगों के साथ रामनगर जा रहे थे। कार में एक महिला, एक आठ वर्षीय बच्चे के अलावा दो अन्य लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही इनकी कार अतरासी ओवरब्रिज पर चढ़ी तभी ओवरट्रेक करते में अचानक अनियंत्रित हो गई। सामने से आ रहे दूसरे वाहन से बचने के फेर में जैसे ही चालक ने ब्रेक लगाए तो तेज रफ्तार कार घूमते हुए ट्रक के आगे आ गई। गनीमत रही कि ढलान होने पर ट्रक की रफ्तार कम थी। ट्रक वसीम नाम का युवक चला रहा था जो हरियाणा से सीतापुर की ओर जा रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार में सवार सभी लोगों के सुरक्षित मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस के पूछने पर मामूली घायल महिला, बच्चे व दो अन्य लोगों को उपचार से इनकार कर दिया। इसके बाद परिवार क्षतिग्रस्त कार से ही गंतव्य के लिए रवाना हो गया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह के मुताबिक हादसे में किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। कार में सवार लोग मामूली घायल हुए थे। वहीं, हादसे से हाईवे की दिल्ली-मुरादाबाद लेन पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने दोनों वाहनों को पास कराकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया।




नौगांवा सादात। नगर में तिरंगा यात्रा निकालते उलेमा फाउंडेशन के पदाधिकारी।

# वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा

## देश के जवानों पर सभी को गर्व: कोकब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व वीर जवानों के सम्मान में उलेमा फाउंडेशन भारत द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरूआत पंजेतनी गेट से हुई। तिरंगा यात्रा हुसैनी चौक होते हुए शोहरत इंटर कालेज पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश की सेना ने दिखा दिया कि आज भारत पूरी तरह बदल चुका है। जो कोई भी इसकी तरफ आंख उठाकर देखेगा उसे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमारी सेना पूरी तरह सक्षम है। देश के वीर जवानो ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी अड्डों को तबाह कर जो साहस का परिचय दिया है वह तारीफ के काबिल है। उन्होंने कहा कि आज आज देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। पाकिस्तान लगातार आतंक को संरक्षण देता आया है। तिरंगा यात्रा में मौलाना कोकब मुज्तबा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मोहर्रम के दौरान बिजली पानी की व्यवस्था हो

## अंजुमन ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** शहरे अमन वैलफेयर एसोसिएशन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप मोहर्रम के जुलूस व मजलिसों के दौरान बिजली, पेयजल आपूर्ति दुरस्त करने की मांग की है।

सौंपे गये ज्ञापन में पदाधिकारियों ने मांग करते कहा कि मौहर्रम के जुलूस के दौरान बिजली के जर्जर तारों को बदला जाये। जुलूस के मार्गो पर पानी के टैंकों की व्यवस्था हो, टूटी सड़कों की मरम्मत करायी जाये। जिन रास्तों पर ईट, बजरी व अन्य मलवा पड़ा है उसे हटवाया जाये। मंगल बाजार से हुसैनी चौक तक पुलियों आदि रास्तों में जो मलवा पड़ा है उसे समय से हटवाया जाये। बिजली की व्यवस्था जुलूस व मजलिस के समय सुचारू रूप से की जाये। जिस प्रकार सभासदों के नामो को वार्डो में दर्शाया गया है उसी प्रकार मुख्य मार्गो को भी बोर्ड के माध्यम से दर्शाया जाये। ज्ञापन देने वालों में शिवाल हैदर, मसरूर सिद्दीकी, नूर अब्बास, अतहर अब्बास आदि मौजूद रहे।

# कार्य योजना रजिस्टर न बनाने पर डीएम ने लगाई फटकार

## कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने ली जिला गंगा व वृक्षारोपण समिति की बैठक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विभागों द्वारा कार्य योजना के रजिस्टर न बनाये जाने पर डीएम ने कई अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जिन विभागों को वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है वह हर हाल में पूरा होना चाहिये। ईओ को निर्देश दिये कि प्लास्टिक व पालीथीन का प्रयोग रोका जाये।

मंगलवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा व वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। अधिकारियों से जब कार्य योजना के रजिस्टर के बार में पूछा गया तो कोई भी अधिकारी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। जिस पर डीएम ने उन्हें जमकर लताड़ा। डीएम ने कहा कि सभी विभाग समय रहते स्थान चिन्हित कर वृक्षारोपण की कार्य योजना अवश्यक बना लें। जिस स्थान पर वृक्ष लगाये जाने है वहां गढडे खदान की सूचना दो दिन के अंदर जिला वन अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराये। डीएम ने कहा कि जिले में जो करदाई संस्था कार्यवाही विभाग का कार्य कर रही है वह भी वृक्षारोपण जरूर करें। कोविड-19 के बाद वृक्षारोपण पर्यावरण की सुरक्षा के लिये बेहद जरूरी हो गया है। डीएम ने प्लास्टिक, पालीथीन के प्रयोग पर रोक लगाने के निर्देश सभी ईओ को दिये।

# नाली पर अवैध अतिक्रमण से फौजी का परिवार परेशान

## एसडीएम से लगादग इंसाफ की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सेना ने लांस नायक के पद पर तैनात सेना के जवान का परिवार गांव में घर के बाहर नाली में गंदगी पर उससे हो रही बीमारियों के कारण परेशान हैं। आरोप हैं की नाली पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण भी कर रखा है जिससे दिक्कत हो रही है। फौजी के छोटे भाई ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव कुआखेड़ा निवासी शारिक हाथ मे लाठी लेकर दर्द से करहाता हुआ तहसील पहुंचा। शारिक ने बताया कि उसका भाई भारतीय सेना में लांस नायक हैं घर पर शारिक परिवार के साथ रहता है। शारिक का आरोप है कि गांव में सड़क की सरकारी नाली के ऊपर कुछ लोगों ने चबूतरा बना रखा है और अवैध अतिक्रमण कर रखा है जिससे नाली का पानी आगे नहीं निकल रहा है घर के सामने गंदा पानी इकट्ठा हो रहा है जिससे बीमारियों का भी खतरा बढ़ रहा है आने-जाने में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। नाली पर अतिक्रमण करने वाले लोग सफाई भी नहीं करने दे रहे। शिकायतकर्ता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर नाली पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाने और समस्या का समाधान कराने की मांग की है। फौजी का भाई लाठी के सहारे दर्द से करहाता हुआ शिकायत करने पहुंचा उसे देखर तहसील में मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का दिल भी पसीज गया। लोग कह रहे थे कि एक फौजी हमारी रक्षा के लिए देश की सीमा पर डट रहा है और यहां उसका परिवार छोटी सी समस्या के लिए इतना परेशान हो रहा है।

# मरीजों के ट्रीटमेंट में लापरवाही न बरतें: मलिक

## प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने किया जोया सीएचसी का निरीक्षण, मलिन बस्ती में भी पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने जोया सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सकों को निर्देश दिये कि वह मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने पीडब्लूडी द्वारा बनाये जा रहे गेस्ट हाउस का निर्माण जल्द पूरा करने के आदेश देते कहा कि निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। लापरवाही पर कार्रवाई की जायेगी।



अपने प्रवास के दूसरे दिन प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने सबसे पहले जोया के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली तथा भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। एक्सरे और पैथलाजी लैब का निरीक्षण कर लैब में मलेरिया हीमोग्लोबिन टाइफाइड की रिपोर्ट देखी। ओपीडी का रिजस्टर चैक किया। उन्होंने अस्पताल में तैनात चिकित्सकों को निर्देश देते कहा कि वह मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते। ठीक ढंग से उनकी देखभाल की जाये। यहां के बाद श्री मलिक मलिन बस्ती पहुंचे। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये घरों में पहुंचकर लोगों से संवाद किया। इसके बाद जोया रोड पर पीडब्लूडी विभाग द्वारा बनाये जा रहे गैस्ट हाऊस का निरीक्षण किया। कार्य की लागत, क्या कार्य कराये जा चुके है तथा क्या बाकी है इसका बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि काम में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते। समय पर गुणवत्ता पूर्वक काम पूरा होना चाहिये। यहां के बाद वह समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम पहुंचे। यहां रहने वाले वृद्धजनों का हाल-चाल जाना तथा पूछा कि किसी को कोई परेशानी तो नहीं है। नाश्ता-खाना समय पर मिलता है या नहीं। उन्होंने बुर्जगों को केला, सेब, अंगौछा और तोलिया का वितरण कियाा। जिससे वृद्धजनों के चेहरे पर मुस्कान फैल गई। उन्होंने आवासों का निरीक्षण किया तथा रसोई घर में पहुंचकर साफ सफाई के निर्देश देने के साथ भोजन की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। कहा कि समय-समय पर बैडशीट की धुलाई कराई जाये। यहां रहने वाले बुर्जगों को किसी प्रकार की दिक्कत न होनी चाहिये। अधिकारी आश्रम का निरीक्षण कर उनकी समस्याओं को दूर करें। श्री मलिक ने राजकीय महिला इंटर कालेज में नवसंचालित ई-कक्षा का फीता काटकर उदघाटन भी किया। इस मौके पर उनके साथ शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एसडीएम ब्रजपाल सिंह, सीओ सिटी अरूण कुमार, सीएमओ डा. सतपाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह, ईओ जोया, शुभम चौधरी मौजूद रहे।

**गेस्ट हाऊस का काम समय से पूरा करने के निर्देश**

# रानी अहिल्याबाई के जीवन से ले प्रेरणा

## तुर्की इंटर कालेज पलौला में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि रानी अहिल्याबाई एक न्याय प्रिय शासिका थी। उन्होंने महिलाओं के लिये अनेक लोक कल्याण के कार्य किये। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये।

तुर्की इंटर कालेज पलौला में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर बोलते शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि रानी अहिल्याबाई के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेकर उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिये। उन्होंने अपने जीवन काल में समाज सेवा के ऐसे कार्य किये जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। महिलाओं के लिये कल्याणकारी योजना चलाकर उन्हें स्वाबलंबी बनाया। उनके द्वारा किये गये कार्यो को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वह एक निडर रानी थी। कार्यक्रम में कंचन सिंह, सचिन चाहल, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद अहसान, कासिम अली, शाह आलम, अब्दुल मुत्तलिब, रूकने आलम, नासिर अली, मौ. रजा नवाब, इकरार हुसैन, वाजिद हुसैन, मौहम्मद आकिब मौजूद रहे।

# आवारा पशु ले रहे जान, प्रशासन खामोश

## भाकियू ने कुत्ते पकड़वाने की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन असली की पंचायत में आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने समेत किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन असली की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में तहसील अध्यक्ष चौधरी समरपाल सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बिजली का बिल 30% बढ़ाने का भारतीय किसान यूनियन असली कड़े शब्दों में विरोध करती है। कहां कि हसनपुर तहसील क्षेत्र में आए दिन आवारा गोवंश पशुओं तथा आवारा कुत्तों के हमले में मौतें हो रही हैं। जबकि प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में जल्द ही आवारा गोवंश पशुओं तथा आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन असली आंदोलन करने को विवश होगी। बैठक में अलीमुद्दीन सैफी, रमेश चंद्र, बुदधन सिंह, रणवीर सिंह, गोवर्धन, अबरार अहमद, मुक.ेश गोयल, सतपाल सिंह, गुलशेर, गोपीचंद, परम सिंह समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# लाखों के विकास पर पड़े पत्थर, तो कहीं रखे ड्रम

## पैदल चलने के लिए बना फुटपाथ अतिक्रमण की जद में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के बाईपास मार्ग किनारे लाखो की लागत से बनी साइड पटरी फुटपाथ पर पत्थर पड़े हैं तो कहीं नील ड्रम और मुर्गा-चिकन फ्राई सज रहा है। लेकिन लाखो रुपये की लागत से पैदल चलने के लिए फुटपाथ का निर्माण कराया गया उसके बाद इधर किसी ने कोई ध्यान नही दिया राहगीर हो या स्कूली छात्र पटरी (फुटपाथ) पर अतिक्रमण की वजह से जान हथेली पर रख रोड पर चलने को मजबूर है।



बाईपास मार्ग पर तहसील से लेकर गोलघर तिराहे तक यही हाल है। सड़क के दोनों तरफ अवैध कब्जों की वजह से चौड़ी सड़के सिकुड़ गई है पर जिम्मेदारों को यह दिखाई नहीं देता है। ऐसे में अतिक्रमणकारियो के खिलाफ कार्यवाही सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह जाती है। बाईपास मार्ग पर तहसील से लेकर गोलघर तक सड़क पर ही मुर्गा, चिकन फ्राई, बजरी बजरकुट, रेत की दुकान अवैध अतिक्रमण कर सजती हैं तो कुछ लोगो ने दुकाने के बाहर फुटपाथ को अपनी सहुलियत के हिसाब से ईंट पत्थर डालकर ढक दिया है। नगर पालिका द्वारा यहां कई बार अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा चुका है लेकिन हालात नहीं सुधर रहे हैं। जिम्मेदारों का दोहरा रवैया इसकी प्रमुख वजह है जिम्मेदार ठेले और खोखे वालों को हटवा देते हैं बड़े कारोबारी अभियान के दौरान भी आराम से बैठे रहते हैं कई ऐसे होटल और रॉ मैटेरियल व्यापारी है हो फुटपाथ पर ही कारोबार चला रहे है। शेरपुर चुंगी मार्ग भी अतिक्रमण की वजह से दिनभर जाम से जूझता हैं। यहां भी अतिक्रमण की समस्या से जाम की स्थिति बनी रहती हैं। लेकिन लोकनिर्माण विभाग और नगरपा. लिका भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है

# सड़क पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव रुखालू में मुख्य मार्ग पर जल भराव होने से ग्रामीणों एवं राहगीरों का निकलना दुश्वार है। जिससे स्कूली बच्चों एवं महिलाओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का मुख्य मार्ग होने के कारण इस मार्ग से कई गांव के ग्रामीणों का आवागमन रहता है। मार्ग पर जल भराव होने से लोग गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। वही ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर हुए जल भराव का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। इसके साथ ही अधिकारियों से जल्द समस्या का समाधान कराई जाने की मांग की है। मांग करने वालों में देवेंद्र सिंह, संजीव सिंह, रामपाल राणा, टीकम सिंह, लाल सिंह, उदल सिंह, सुभाष शर्मा, जय सिंह, राम सिंह, कलुवा सिंह, जितेन्द्र सिंह, मोनू कश्यय, अनुज वर्मा आदि रहे।

# बीआरएसएस ने पदाधिकारियों को सौंपे मनोनयन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भाकियू बीआरएसएस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारी को मनोनीत पत्र सौंपकर उनका स्वागत किया गया।

मंगलवार को नगर के रहरा बस स्टैंड के निकट स्थित जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर के आवास पर भाकियू बीआरएसएस की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतीक अहमद ने की तथा संचालन उदयवीर सिंह द्वारा किया गया। बैठक में अन्य किसान संगठनों को छोड़कर आये लोगों का स्वागत किया गया। बैठक में जय माल सिंह को किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष, साजिद प्रधान को प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक किसान मोर्चा, तैयब अली को तहसील अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, वैभव त्यागी को मीडिया प्रभारी एवं सगीर को ग्राम अध्यक्ष गलसुआ बनाया गया। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का फूल माला पहनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में अतीक अहमद, तैयब अली, धीरज सिंह, उदयवीर सिंह, दीपक गुर्जर, निजाम प्रधान, साजिद अली, समीर, युवराज आदि मौजूद रहे।

# रील के लिए रियल लाइफ से कर रहे खिलवाड़

## जान जोखिम में डालकर आए दिन बना रहे वीडियो, सोशल मीडिया का क्रेज बन रहा जानलेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रील बनाने के चक्कर में लोग अपनी जान की परवाह भी नहीं कर रहे है। खासकर युवाओं में रील बनाकर फालोर्स बढ़ाने का क्रेज इस समय तेजी से बढ़ा है। कई बार तो युवा इसके चक्कर में अपनी जान तक गवां बैठतें है। लेकिन इसके बाद भी आये दिन वायल हो रही वीडियो से ऐसा प्रतीत होता है कि आज के दौर में फेमस होने के लिये जिंदगी का कोई मोल नहीं है।

युवाओं में इस समय रील बनाने का क्रेज तेजी से बढ़ा है। रातो-रात फेमस होने के चक्कर में वह अपनी जान जोखिम में डाल रहे है। जिले में हसनपुर तथा गजरौला में आये दिन इस तरह के मामले सामने आ रहे है। युवाओं की टोली चार पहिया वाहन से शरीर बाहर निकालकर रील बनाते रहते है। इसके अलावा बाइक से स्टंट करना तो आम बात हो गई है। तमंचे के साथ वीडियो वायरल करना भी इस समय आये दिन सामने आ रहे है। रील बनाने के चक्कर में कई हादसे हो चुके है। जिससे युवकों को अपनी जान से हाथ भी धोना पड़ा है। इतना ही नहीं कई युवकों को इसके चक्कर में जेल की हवा भी खानी पड़ी है। लेकिन इस मामले में कोई कमी नहीं आ रही। कोई दिन ऐसा जाता है कि जिस दिन खतरनाक वीडियो जिले में वायल न होते हो। एक ही बाइक पर सवा होकर चार-चार युवक नाचते हुए रील बनाकर अपलोड कर रहे है। हालात यह है कि खतरनाक स्टंट करने से भी वह बाज नहीं आ रहे। उन्हें न तो अपनी जान की फिक्र है तथा न ही परिवार के बारे में सोचते है। अभी कुछ समय पूर्व जिले में एक युवक ने बंदूक के साथ अपनी वीडियो बनाकर नेट पर डाली। पुलिस ने उसे असली बंदूक के साथ गिफ्तार कर कार्रवाई की। हर समय युवाओं में रील बनाने का जुनून सवार रहता है। इसके पीछे पैसा कमाना तो मकसद है ही बल्कि रातो-रात पहचान बनाने की भी सनक रहती है। इस काम में युवकों के साथ युवतियां भी पीछे नहीं है। फेसबुक पर इस समय अश्लील वीडियो की भरमार है। भड़काऊ कपड़े पहनकर अश्लील डांस के वीडियो फेस बुक पर आसानी से देखे जा सकते है। जिससे समाज पर बुरा असर पड़ रहा है। आज देखने को मिल रहा है कि छोटी उम्र में ही किशोरियां अपने प्रेमियों के साथ फरार हो रही है। उन्हें न परिवार की मान मर्यादा की चिंता है तथा न ही अपनी भविष्य की। नादान उम्र में तो उन्हें केवल प्यार ही दिखाई देता है। दो दिन पहले एक किशोरी ने अपने नाबालिग प्रेमी के साथ मिलकर मां की ही हत्या कर दी। इसके अलावा आये दिन अश्लील वीडियो वायल होना तो अब आम हो गया है।

**कई की जा चुकी है जान फिर भी जारी है खतरनाक वीडियो बनाने का काम**

# नागरिक सेवा और जनकल्याण निस्तारण में मेरठ परिक्षेत्र को मिला प्रथम स्थान

## डीआईजी रेंज कलानिधी नैथानी की मेहनत का दिखा असर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाज में पुलिस की वर्दी की धमक और अपने कर्तव्य को पूरी तरह निभाने का जज्बा हो तो हर काम मुमकिन हो सकता है। मेरठ रेंज के डीआईजी कला निधि नैथानी ने डीआईजी के पद पर कार्यकर जनहित के साथ साथ पुलिस की कार्यप्रणाली में भी सुधार लाकर यह दिखा दिया है। डीआईजी के जिस पद को जनता सिर्फ कागजी कार्रवाई के रूप में देखती है दरअसल वह कागजी कार्रवाई नहीं बल्कि समाज का एक आईना और जनता के बीच पुलिस की वर्दी को भी सुधारने का एक बड़ा माध्यम है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने शासन द्वारा निर्धारित समय में अपने शानदार प्रयासों से जनकल्याणकारी और पुलिस को मिली अनगिनत शिकायतो को मात्र 15 दिन में निस्तारित करके मेरठ परिक्षेत्र का नाम उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान की तरफ लाकर खड़ा कर दिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने बताया कि उ.प्र. जनहित गारन्टी अधिनियम में अधिसूचित गृह विभाग से सम्बन्धित नागरिक सेवायें सिटीजन पोर्टल के माध्यम से जनसाधारण को प्रदान की जाती हैं, जिसकी समीक्षा उ.प्र. शासन द्वारा समय-समय पर की जाती है। मेरठ परिक्षेत्र के जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत एवं हापुड़ द्वारा पोर्टल से प्राप्त नागरिक सेवाओं चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन इत्यादि का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत शत्-प्रतिशत निस्तारण किया गया है जिसके लिये चारो जनपद बधाई के पात्र हैं। नागरिक सेवाओं जैसे चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन आदि के अन्तर्गत जनपद मेरठ में 820, जनपद बुलन्दशहर में 441, जनपद बागपत में 270 व जनपद हापुड़ में 160 कुल 1691 आवेदन सिटीजन पोर्टल से प्राप्त हुए, जिनका चारो जनपदो द्वारा 15 दिवस के अन्दर शत्-प्रतिशत निस्तारण किया गया है। गत माह रेंज के सभी जनपदों की समीक्षा कर नागरिक सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे जिस पर जनपदीय टीमों ने अच्छा कार्य किया है। डीआईजी द्वारा परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को नागरिक सेवाओं का शासन एवं मुख्यालय की मंशानुसार इसी तरह आगे भी पूर्ण मनोयोग से समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# एक ही ट्रेक पर जल्द दौड़ेंगी नमो भारत

**मेरठ दिल्ली के आसपास के क्षेत्र को मिलेगी विकास की नई दिशा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक अनूठी पहल के तहत देश में पहली बार एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इंटरसिटी यानी दिल्ली से मेरठ को जोड़ने वाली सेमी-हाई-स्पीड 'ट्रेन नमो भारत और मेरठ शहर में चलने वाली मेरठ मेट्रो, जल्द दौड़ती नजर आएंगी। ये भारतीय परिवहन परिदृश्य में नई क्रांति लाने जा रही हैं। अत्याधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली और अनुकूलित समय-सारणी से नमो भारत और मेरठ मेट्रो - दिल्ली, मेरठ व आसपास के क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को नया आयाम देंगी, जिससे तीव्र, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा संभव होगी तथा लाखों लोग इससे लाभान्वित होंगे।

नमो भारत की अधिकतम ऑपरेशनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटा है जो फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक संचालित हो रही है। वहीं, देश की सबसे तेज मेट्रो-मेरठ मेट्रो 120 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति से चलने में सक्षम है जो मेरठ साउथ से मोदीपुरम डिपो तक 13 स्टेशनों के बीच संचालित होगी जिससे न सिर्फ लोगों के यात्रा समय में भारी बचत होगी बल्कि जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। एक ही बुनियादी ढांचे पर दोनों परिवहन साधनों का संचालन एक महत्वाकांक्षी परियोजना है और भारतीय परिवहन क्षेत्र में बड़े बदलाव का प्रतीक है।

आने वाले समय में देश के अन्य शहरों में भी यह मॉडल देखने को मिलेगा। एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सुचारू संचालन के लिए, नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों की अनुकूलित समय-सारणी बनाई जाएगी। नमो भारत ट्रेन फिलहाल हर 15 मिनट में उपलब्ध है, जो सराय काले खां से मोदीपुरम तक के पूरे कॉरिडोर के संचालन के बाद 10 मिनट तक होने की संभावना है। मेरठ मेट्रो की फ्रीक्वेंसी संभवत 7 मिनट की रहेगी। ट्रेन शेडयूल बनाते हुए एनसीआरटीसी ने यात्रियों की सुविधा का खास ध्यान रखा है। मेरठ में ऐसे स्टेशनों पर आइलैंड प्लेटफार्म की व्यवस्था की गई है, जहां मेरठ मेट्रो और नमो भारत का ठहराव होगा। एक तरफ नमो भारत और दूसरी तरफ मेरठ मेट्रो मिलेगी, आप एक से उतरकर सामने वाले प्लेटफार्म से दूसरी ट्रेन पकड़ सकते हैं। एक ही दिशा में जाने के लिए यात्रियों को ज्यादा चलने की असुविधा नहीं होगी।

उदाहरण के लिए, यदि किसी यात्री को मोदीनगर नॉर्थ से मेरठ नॉर्थ मेट्रो स्टेशन जाना है तो उसे बेग. मपुल तक नमो भारत में सफर करना होगा और फिर इसी स्टेशन पर उतरकर अगली मेट्रो में यात्रा करनी होगी। बेगमपुल स्टेशन को इस तरह डिजाइन किया गया है, जहां आइलैंड प्लेटफार्म हैं। ऐसे में दोनों ही दिशा में जाने वाली ट्रेन के लिए सीढ़ी या लिफ्ट का इस्तेमाल किए बिना यात्री उसी प्लेटफार्म के दोनों तरफ से अपने गंतव्य की ट्रेन पकड़ सकते हैं। आइलैंड प्लेटफार्म ऐसा होता है जिसके दोनों तरफ ट्रैक होते हैं। टिकट के लिए हालांकि उसे मोदीनगर नॉर्थ से सीधे मेरठ नॉर्थ का ही टिकट लेना होगा, यानी मेट्रो का टिकट अलग से लेने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही एक ही दिशा में चलने वाली नमो भारत और मेट्रो इस तरह प्लेटफार्म पर आएंगी जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर उतरकर दूसरी तरफ जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उसी प्लेटफार्म के एक तरफ नमो भारत और एक तरफ मेरठ मेट्रो आएगी।

## टिकट वेंडिंग मशीन से यात्रियों को मिलेगी सुविधा




टिकटिंग के लिए यात्रियों को स्टेशन पर काउंटर के अलावा टिकट वेंडिंग मशीन मिलेंगी, जिनसे वे कैश, कार्ड और यूपीआई से टिकट खरीद सकते हैं। इसके अलावा नमो भारत कनेक्ट एप से भी ट्रेन टिकट खरीदे जा सकते हैं। इस एप पर 'जर्नी प्लानर' का फीचर भी दिया गया है जिससे यात्री अपने गंतव्य की जानकारी ले सकते हैं। इतना ही नहीं, नमो भारत कनेक्ट एप से दिल्ली मेट्रो के टिकट भी खरीद सकते हैं, जिसके लिए एनसीआरटीसी ने डीएमआरसी के साथ साझेदारी की है। इसी तरह, मेट्रो टिकट बुक करने के लिए डीएमआरसी मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करने वाले यात्री नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो के टिकट भी खरीद सकते हैं।

# अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा रा संगठन ने किया सम्मान समारोह





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के समीप स्थित डीपीएम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा रा संगठन ने पत्रकार बंधुओं एवं थाना प्रभारी बहसूमा इन्दु वर्मा का भगवान परशुराम की प्रतिमा एवं शाल उड़ाकर सम्मान किया। सम्मान समारोह में ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पडिंत मनोज शर्मा, जिला संरक्षक शिवदत्त शर्मा, बृजेश पाठक आदि ने सम्बोधित करते हुए ब्राहमण समाज को एक जुटता करने के लिए तथा अपने बच्चों को शिक्षा एवं दहेज प्रथा बंद एवं मृत्यु भोज बंद करने तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए जोर दिया। इस अवसर पर शिवदत्त शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज गरीब निर्धनों की सेवा कर अपने समाज को आगे बढ़ाऐ। यदि ब्राह्मण समाज को अहंकार हो जाएगा तो उसका पतन होने से कोई नहीं रोक सकता। थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज ने जो सम्मान पुलिसकर्मी एवं पत्रकारों का किया है वह स्थानीय कार्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर समय समाज के अच्छे कामो में पीछे नहीं हटती और दिन-रात मेहनत कर समाज सुधार करने पर जोर देती है। स्कूल सचिव जगदीश त्यागी ने कहा कि समाज चाहे कोई भी हो अपने समाज को एकजुट कर आगे बढ़ाने का काम करें। तभी समाज की तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और उन्हें देश की सेवा करने के लिए अधिकारी बनाऐं। सम्मान समारोह में डीपीएम पब्लिक स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी, पडिंत अजय कुमार शर्मा, संजय शर्मा, रविशंकर कौशिक, राजकुमार शर्मा, विनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, शरदे शर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा, राजू शर्मा, दौराला ब्लाक अध्यक्ष बृजेश पाठक, मीडिया प्रभारी अनील कुमार शर्मा, शिवदास शर्मा, उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह, उपनिरीक्षक राकेश कुमार, पत्रकार उदयवीर सिंह, राजकुमार चौहान, आशीष चौधरी, अमित गुर्जर, मोबीन सलमानी आदि का भगवान परशुराम की प्रतिमा एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया।



# दीवार के विवाद में दो पक्षों में चली गोली, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बली में सोमवार को फायरिंग की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया गांव में पहुंची थाना पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।

वहीं कपिल ने गांव के ही कमल डब्बू व मुन्द्रेश पर जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। वहीं दूसरे पक्ष के कमल ने भी गांव के ही जानी व प्रतीक के खिलाफ गोली चलाने की तहरीर दी है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि दीवार को लेकर दोनों पक्षों में विवाद है वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे के ऊपर गोली चलाई थी जिसकी जांच हो रही है दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही कर रही है।

# डाक्टरों ने 36 वर्षीय महिला के मल्टिपल हर्नियास का किया सफल इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डाक्टरों ने एक 36 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया, जो पिछले तीन वर्षों से मल्टिपल हर्नियास की समस्या से जूझ रही थीं। इनमें सबसे बड़ा हर्निया लगभग 7-8 सेंटीमीटर का था, जो आकार में एक संतरे के बराबर था। इस जटिल केस का नेतृत्व रोबोटिक-लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. दरप्रीत सिंह बंमराह ने किया। उन्होंने और उनकी टीम ने मिनिमली इनवेसिव रोबोट असिस्टेड सर्जरी के माध्यम से महिला का सफल इलाज किया। केस की जानकारी देते हुए डॉ. दरप्रीत सिंह बंमराह ने बताया हर्षलता जैन पिछले 2-3 वर्षों से वेंट्रल हर्निया शरीर के आगे की ओर हर्निया से पीड़ित थीं। उन्हें लगातार पेट में दर्द और सूजन की शिकायत थी, जो धीरे-धीरे बढ़ती जा रही थी। उन्होंने पहले भी दो बार अन्य अस्पतालों में हर्निया की सर्जरी करवाई थीं। लेकिन अब वह बिल्कुल ठीक है।

## एक नजर

# मेरठ में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के मॉडल शाखा का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के मॉडल शाखा का बैंक के महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आंच. लिक प्रबंधक महेश सभरवाल सहित बैंक के कई सम्मानित स्टाफ और ग्राहक उपस्थित थे। गोपाल कृष्ण ग्राहकों से रुबरु होते हुए तीव्र गति से बढ़ते जीवन में बैंक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्राहकों से कहा कि बैंकिंग जीवन में एक ही स्थान पर सारी सुविधाओं से युक्त यह मॉडल शाखा बैंक द्वारा किया गया एक अद्वितीय प्रयास है। आंचलिक प्रबंधक महेश सभरवाल ने उपस्थित ग्राहकों से कहा कि मॉडल शाखा का विचार बैंक में एक नया कदम है। आशा है आप सभी इन सुविधाओं का लाभ अवश्य उठाएंगे। कई सम्मानित ग्राहक ने भी अपने विचार रखे। अंत में शाखा प्रभारी बीके गौतम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# सीसीएसयू की परीक्षा में उड़ाका दल ने छात्रों के पास पकड़ी नकल सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित परीक्षाओं की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित उड़ाका दल ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के दो प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया। दल का नेतृत्व प्रोफेसर जयमाला द्वारा किया गया, जिनके साथ डॉ. योगेन्द्र गौतम, डॉ. नाजिया तरन्नुम एवं डॉ. मुनेश कुमार बतौर सदस्य सम्मिलित थे। उड़ाका दल ने सर्वप्रथम प्रात: 11 बजे काशीराम शोधपीठ परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करते हुए परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली एवं केंद्र की समग्र परीक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके उपरांत दल ने सर छोटू राम अभियंत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान में संचालित बी. टेक. एवं एम.टेक. परीक्षाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों यूएफएम का प्रयोग करते हुए पाया गया। इनमें से एक परीक्षार्थी ने अपने हाथ पर बंधी पट्टी के भीतर नकल सामग्री छिपा रखी थी, एक के पास परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन पाया गया, शेष दो परीक्षार्थियों के पास फोटोस्टेट की गई नकल सामग्री बरामद हुई। उक्त सभी छात्रें के विरुद्ध विश्वविद्यालय की परीक्षा नियमावली के अंतर्गत अनुचित साधनों का प्रयोग यूएफएम अधिनियम के अंतर्गत विधिवत कार्रवाई की गई है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई व्यापार बंधु की बैठक

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में व्यापार बन्धु संबंधी कुल 35 समस्यायें शामिल थी, जिनसे संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों से समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। डीएम ने नगर निगम के अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओ को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिये। हापुड़ स्टैंड चौराहे के निकट शौचालय बनवाने के संबंध में निवेदन किया गया।

# संजय चौधरी ने किया शिव मंदिर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को भाजपा नेता संजय चौधरी ने गगन विहार रोहटा रोड स्थित श्री विश्व नाथ जी शिव मंदिर प्रांगण में नव निर्मित भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान संजय चौधरी ने कहा कि मंदिर में आकर मन को शांति मिलती है अगर कुछ परम सत्य है तो वह सिर्फ और सिर्फ भगवान ही है। इस मौके पर नितिन त्यागी व कालोनी के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट ध्वस्तीकरण.......

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ व्यापारी हुए एकजुट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल मार्केट में अवैध बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण के खिलाफ व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। व्यापारियों ने सेंट्रल मार्केट और जागृति विहार को बंद कर बैठक की। इस दौरान संयुक्त व्यापार संघ के साथ अन्य व्यापार संघों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 दिसंबर 2024 को कॉम्प्लेक्स 661/6 को तीन माह में खाली करने का आदेश दिया था। आवास विकास परिषद ने सभी 20 दुकानदारों को तत्काल दुकान खाली करने का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने आवास विकास परिषद को दो सप्ताह में अवैध निर्माण ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। व्यापारियों का कहना है कि वे जीएसटी भरकर कानून का पालन करते हैं। उनके अनुसार निर्माण में हुई गलतियों का समाधान किया जा सकता है। व्यापारियों ने कोर्ट में अर्जी लगाई, लेकिन आवास विकास के अधिकारियों की पैरवी के कारण उन्हें नहीं सुना गया। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद मांगी है। 28 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने समय सीमा बढ़ाने से इंकार कर दिया। 2 मई को भी इसी तरह की एक याचिका निरस्त हो गई। आवास विकास परिषद ने अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के लिए 1.67 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत का टेंडर जारी कर दिया है। इसी के खिलाफ मंगलवार को व्यापारियों ने बड़ी बैठक की जिसमें सरधना विधायक अतुल प्रधान ने भी आकर उनके जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया। अतुल प्रधान भी व्यापारियों के साथ खड़े हुए दिखाई दिए सभी को उम्मीद है कि इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट कोई न कोई समाधान निकालेगा हालांकि अभी तक ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि उत्तर प्रदेश सहित देश में अन्य जगह भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होती आई है जब जब सुप्रीम कोर्ट की आती है तो हर किसी को देश हित में बड़ा दिल दिखाना पड़ता है लेकिन जो लोग दूसरे लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट को सबसे बड़ा और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ही सर्वोपरि कहते थे आज वही सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं यानी जब बात अपने ऊपर पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट ही गलत हो गया और अब सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ व्यापारी एकजुट दिखाई दे रहे हैं हालाकि सुप्रीम कोर्ट को भी इस मामले में दया का नजरिया रखना चाहिए क्योंकि यह मामला सिर्फ सेंट्रल मार्केट से जुड़ा नहीं बल्कि हजारों लोगों की रोजी-रोटी से जुड़ा मामला है। अब देखना है कि आवास विकास ने ध्वस्तीकरण के लिए जो तैयारी की है उसे वह कब और किस तरह पूरा करता है।

# शोभित विश्वविद्यालय ने जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन के साथ मिलकर छात्र एंबेसडर प्रोग्राम किया लॉन्च




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन के सहयोग से छात्र एंबेसडर प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया के अनुरूप तैयार करना, उद्योग और अकादमिक जगत के बीच की दूरी को कम करना तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन की ओर से सुश्री शगुन शर्मा और रंजीत फिलिप्स बिजनेस पार्टनरशिप मैनेजर मौजूद रहे, जबकि शोभित विवि की ओर से प्रो. डॉ. देवेन्द्र नारायण, वरिष्ठ निद. ेशक मानव संसाधन एवं कॉर्पोरेट संबंध डॉ. गणेश भारद्वाज, कुलसचिव एवं डॉ. अभिषेक कुमार डबास, निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट उपस्थित रहे। प्रो. डॉ. देवेन्द्र नारायण ने इस साझेदारी को छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन द्वारा विकसित आधुनिक पाठयक्रम जैसे 5जी टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें व्यावहारिक परियोजनाएं, एलएमएस इंटीग्रेशन, और शोभित विवि के साथ सह-प्रमाणन की सुविधा भी होगी। छात्र एंबेसडर प्रोग्राम के माध्यम से चयनित छात्र विश्वविद्यालय में डिजिटल शिक्षा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा विभिन्न आयोजनों में पहचान पाएंगे। यह सहयोग विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं डिजिटल प्लेटफार्म पर भी दर्शाया जाएगा। जिसमें पाठयक्रम विवरण, पंजीकरण लिंक, साझेदारी की मान्यता एवं लोगो की दृश्यता शामिल रहेगी। शोभित विवि और जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन के बीच हुआ यह समझौता उच्च शिक्षा को वैश्विक उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने की दिशा में प्रेरणादायक कदम है।

# 4 मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों का चार लाख वार्षिक के पैकेज पर हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, मेरठ के अंतर्गत संचालित सर छोटू राम अभियंत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान में ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड टीसीआई द्वारा एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान की मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा के आठ छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया को कंपनी के विशेषज्ञों ने कई चरणों में संपन्न कराया, जिसमें तकनीकी साक्षात्कार, संवाद कौशल, और समस्या समाधान क्षमता जैसे मानकों पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया। अंततः चार छात्रों आशीष वाष्णेय, करण रावत, देवांश पाराशर, ऋतिक चौरसिया का चयन वार्षिक चार लाख रुपये के वेतन पैकेज पर किया गया, जो छात्रों के शैक्षणिक ज्ञान एवं व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, डीन टेक्नोलॉजी प्रोफेसर संजय भारद्वाज, संस्थान के निदेशक डॉ. नीरज सिंघल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. गौरव त्यागी एवं पीयूष बत्रा ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की औद्योगिक साझेदारियां जारी रहेंगी, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

# 23 को होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उपायुक्त दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक 23 मई को विकास भवन सभागार में सांय 4:30 बजे होगी। उन्होंने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार चर्चा, निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा, निवेशको की समस्या समाधान को रखने की बात कही है।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संत जोजफ गर्ल्स इंटर कॉलेज सरधना में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में दौड, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, मुख्य अतिथि समाज सेवी शाहवेज अंसारी ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा 10 में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को क्रमश: कक्षा 10 की छात्रा खुशबू ने प्रथम स्थान, कक्षा 12वीं की छात्रा हूमैरा ने द्वितीय व पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 ब की छात्राओं ने प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जिसमें क्रमश: सबिया प्रथम रिया द्वितीय जैनब तृतीय तथा अलीना ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमश: गीत वर्मा ने प्रथम स्थान, ईशा ने द्वितीय स्थान एवं जीनत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाहवेज अंसारी ने सभी प्रतिभागीयों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की रानी अहिल्याबाई होल्कर के 30 वर्ष के कार्यकाल को सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्य किये, देवी अहिल्या बाई इंदौर या होल्कर वंश में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक न्यायप्रिय, दानशील और कुशल प्रसाशिका के रूप में जानी जाती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डाक्टर सिस्टर मीना नायडू ने सभी छात्राओं को बधाई दी व उनका उत्साहवर्धन किया प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि शावेज अंसारी का आभार व्यक्त किया।

# टीम के रूप में मिलकर करें काम: डीएम

- डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक
- पंचायत सहायक व रोजगार सेवकों के माध्यम से कार्य में तेजी लाए जाने के दिए निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में उप निदेशक कृषि ने जनपद में तहसीलवार फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि तहसील मीरगंज में 2785, तहसील आंवला में 2512, तहसील बहेड़ी में 2502, तहसील सदर 2090 की फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति है। तहसील फरीदपुर की प्रगति कम है, क्योंकि गांव पोर्टल पर शो नहीं हो रहे हैं।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद की फार्मर रजिस्ट्री में विगत माह 30वीं रैंक थी, जो अब 23वीं रैंक है। एक दिन में 1500 से 2000 के बीच फार्मर रजिस्ट्री हो रही है, जिसपर डीएम ने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री में गति को और बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे हमारी रैंक 15 के अन्दर आ जाए। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि तहसीलवार बैठक कराकर कार्य में गति लाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए।

पंचायत सहायक व रोजगार सेवकों के माध्यम से कार्य में तेजी लाएं, और उन्हें लक्ष्य देते हुए तय समय में लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित भी करें। खण्ड विकास अधिकारी भी कार्य में रुचि लें, सभी लोग टीम के रुप में कार्य करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, समस्त उप जिलाधिकारी, उप निदेशक कृषि सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पशुधन मंत्री का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की ओर से एक सभा में दिए गए बयान से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कृष्णलीला स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया और मंत्री का पुतला भी फूंका। पुलिस ने पुतला दहन करने से रोकने की कोशिश की, मगर कामयाब नहीं हो सकी। दुग्ध एवं पशुपालन मंत्री धर्मपाल की ओर से विशेष समुदाय की सभा में बयान दिया गया था। उस टिप्पणी से बजरंग दल के कार्यकर्ता आहत हैं। इसी को लेकर सोमवार को कृष्ण लीला स्थल पर महानगर संयोजक केवलानंद गौड़ की अगुवाई में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन कार्यकर्ताओं ने मंत्री का पुतला फूंक दिया। महानगर संयोजक ने कहा कि मंत्री ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जो स्वीकार्य नहीं है।

# बंद मकान में हो रहा था बड़ा खेल, पुलिस ने मारा छापा

- चौदह आरोपी गिरफ्तार, सरगना फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** थाना बारादरी पुलिस ने सोमवार को श्यामगंज चौकी क्षेत्र के गंगापुर में दबिश देकर अवैध सट्टा कारोबार का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 14 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया गया, जबकि गिरोह का सरगना तन्नु उर्फ जगमोहन भाग निकला। आरोपियों के पास से नकदी, मोबाइल, सट्टा पर्चियां और उपकरण बरामद किए गए हैं। सभी पर जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बारादरी पुलिस ने गंगापुर में बंद मकान पर छापा मारा। यहां सट्टा माफिया जगमोहन सट्टा संचालित करा रहा था।



सरगना मकान के बाहर से निगरानी कर रहा था और पुलिस को आता देख भाग गया। पुलिस ने मौके से 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार 14 अभियुक्तों में दीपक गुप्ता और धर्मेंद्र यादव पहले भी सट्टा में जेल जा चुके हैं। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि तन्नु सट्टा कारोबार का मास्टरमाइंड है, और उसके पास ही सभी पर्चियां और रुपयों का हिसाब पहुंचाया जाता है। इनसे 29,540 नगद, छह मोबाइल फोन (विभिन्न कंपनियों के) चार पेन, दो पैड (सट्टा पर्चियां), दो पैमाने, दो कैलकुलेटर, दो काउंटर बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए धर्मेंद्र यादव निवासी मढ़ीनाथ, दीपक गुप्ता, निवासी फाल्तूनगंज, रामाशंकर निवासी शाहदाना, रोहित राजपूत, निवासी गंगापुर, रवि कुमार, निवासी रोहली टोला, भूगेन्द्रपाल, निवासी मोहनपुर, राजीव कुमार, निवासी भूड़, अंकित गुप्ता, निवासी पराताशपुर, राकेश कश्यप, निवासी करगैना, उमर उर्फ मुन्ना, निवासी वानखाना, नुरउद्दीन, निवासी चौधरी तालाब, अय्यूव, निवासी कांकरटोला, श्याम कुमार, निवासी माधोबाड़ी, राहुल गोस्वामी, निवासी माधोबाड़ी शामिल हैं।

## एक नजर

### युवती को दोस्तों की मदद से भगा ले गया युवक

**युवक सहित दोस्तों पर रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के नूरी नगर का रहने वाला तहसीन पुत्र अजीज अहमद अपने भाईयों तौकीर, राजा और रोहित तथा दोस्तों रेहान, यासीर और फईम की मदद से एक युवती को भगा ले गया।

पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि एक दिन पहले उसकी पुत्री लापता हो गई, जिसे उन्होंने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। बाद में पता चला कि उक्त युवक और उसके साथियों ने उनकी पुत्री को भगा ले जाने में मदद की। पीड़ित पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री को तहसीन और उसके साथियों ने बहला-फुसलाकर भगा ले गए। पुलिस ने पिता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तहसीन और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है, और आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, और मामले की जांच पूरी की जाएगी।

### युवती से छेड़छाड़, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवती ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की और मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच में पता चला है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था, लेकिन वसीम ने शादी करने से इनकार कर दिया।

पुलिस ने आरोपी वसीम को गिरफ्तार कर लिया है, और मामले की जांच कर रही है। पीड़िता के परिवार ने पुलिस से न्याय की मांग की है, और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है।

पीड़िता का कहना है कि वसीम ने उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की, और विरोध करने पर मारपीट की। दोनों लगभग दो साल से एक दूसरे के संपर्क में थे, लेकिन वसीम ने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

पीड़िता के परिवार ने पुलिस से न्याय की मांग की है, और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विवाद में अब 19 वें दिन दर्ज कराई जवाबी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक मई को क्षेत्र के गांव टांडा सादात में गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में ग्राम के दबंग भाईयों ने एक दलित मैनेजर विजय सागर पर जानलेवा हमला करते हुए बुरी तरह से पिटाई कर डाली थी, जिसकी नामजद रिपोर्ट इमामुर्ररहमान, हबीबुर्रहमान और अतीकुरहमान के खिलाफ दर्ज कराई गई थी, जिसकी जांच सीओ द्वारा की जा रही है।

अब इसी विवाद में 19 वें दिन ग्राम टांडा सादात के सईद अहमद के पुत्र अतीकुर्रहमान ने इस मामले में जवाबी रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें जिला पंचायत सदस्य निशा खतीब अंसारी के देवरों नवाब अहमद, गुड्डू, सुबहान, सैफ पर घर में घुसकर भाई इमामुर्रहमान पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है इस मारपीट में उसके सिर, कान, गर्दन पर खुली चोट आने की बात कही गई है, साथ ही दांत टूटने का भी जिक्र किया गया है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में नवाब अहमद पर अपनी राइफल से जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

### शोहदे ने शिक्षिका को भेजे अश्लील मैसेज

**एसएसपी के आदेशों पर रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक अज्ञात शोहदा पिछले काफी दिनों से कस्बे की एक प्राइवेट शिक्षिका के खिलाफ अश्लील बातें लिखकर उसके विद्यालय को डाक से भेज रहा है। शोहदे की इस हरकत से शिक्षिका बेहद परेशान है। एसएसपी के आदेशों पर पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर शोहदे की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे की एक युवती क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक का कार्य कर रही है। पिछले कई दिनों से उसके विद्यालय में राघवेन्द्र नाम से एक दर्जन से अधिक पत्र डाक से भेजे गए हैं, जिसमें उसने युवती के खिलाफ कई गन्दे आरोप लगाए हैं। जिससे शिक्षिका को समाज और विद्यायल में शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। शिक्षिका ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की मिशन शक्ति पर भी सवाल उठाते हुए इस मामले में शोहदे के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। शिक्षिका ने अपने इस शिकायती पत्र की प्रति देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, महिला आयोग के साथ ही जिलाधिकारी को भी भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। शिक्षिका ने जल्द कार्यवाही न किए जाने पर कोई भी कदम उठाने की धमकी दी है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। एक युवक ने उसके घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती की। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बताया जाता है कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर एक युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया, और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी करने को कहा तो वह शादी करने से मुकर गया। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों लगभग ढाई साल से एक दूसरे के संपर्क में थे। पुलिस ने आरोपी शारिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के परिवार ने पुलिस से न्याय की मांग की है, और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। स्थिति सामान्य है और पुलिस मामले पर नजर रखे हुए है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# धर्मस्थल में छात्रा से दुष्कर्म का मामला

- पुजारी ने बंधक बनाकर रखा... बताई आपबीती, आरोपी भेजा गया जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के धर्मस्थल में ऋषिकेश की किशोरी (नवीं की छात्रा) को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी कथित पुजारी रामकिशन को जेल भेज दिया गया। आरोपी ने किशोरी से संबंधों की बात स्वीकार की लेकिन दुष्कर्म से इन्कार किया। वहीं, किशोरी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

ऋषिकेश निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने चार दिन पहले बदायूं रोड स्थित धर्मस्थल के कथित पुजारी युवक रामकिशन पर दुष्कर्म की रिपोर्ट कराई थी। किशोरी के बयान शनिवार को कोर्ट में दर्ज कराए गए। रविवार को किशोरी के बयान की प्रति विवेचक को मिली, जिसमें उसने बंधक बनाकर दुष्कर्म की बात कही है।

कथित पुजारी रामकिशन को पुलिस ने पहले से ही हिरासत में ले रखा था। कैंट पुलिस ने लिखापढ़ी करके रविवार को पुजारी को जेल भेज दिया। रामकिशन ने स्वीकार किया कि लंबे समय तक ऋषिकेश में रहने के दौरान उसके किशोरी से संबंध हो गए थे।

### दूसरी किशोरी के बयान पर भी नजर

रिपोर्ट कराने वाली किशोरी के साथ आई उसकी 13 साल की भांजी भी बरेली के इस धर्मस्थल में रुकी थी। वह अपनी मौसी का मोबाइल लेकर निकल गई तो उसके पिता ने अपनी साली के खिलाफ बेटी के अपहरण की रिपोर्ट ऋषिकेश कोतवाली में दर्ज करा दी।

वहां की पुलिस ने इस किशोरी को फरीदाबाद से खोज लिया। उसके वहीं बयान कराए गए हैं। कैंट थाने के इंस्पेक्टर क्राइम शैलेंद्र कुमार वहां के विवेचक के संपर्क में हैं। अगर दूसरी किशोरी ने बी इस पुजारी युवक के खिलाफ कोई बयान दिया तो इस पर कार्रवाई का दायरा बढ़ सकता है।

> कोर्ट में भी किशोरी अपने बयान पर कायम रही, जो उसने पुलिस को दिए थे। कोर्ट से प्रति मिलने के बाद आरोपी रामकिशन को नाबालिग से दुष्कर्म की धारा में जेल भेज दिया गया।
>
> **आशुतोष शिवम**
> **सीओ प्रथम**

# पशुधन मंत्री ने जनपद के मेधावी छात्रा-छात्राओं का किया सम्मान

- जनपद स्तर की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान समारोह




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को गौरी शंकर इंटर कॉलेज गुलेडिया में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्रशांत लोधी द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता कलराज मिश्रा की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। कलराज मिश्रा ने अपने उद्बोधन से उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ राष्ट्र के लिए कुछ अलग कर मां भारती का मान बढ़ाने की प्रेरणा दी। पशुधन मंत्री ने प्रदेश व जनपद स्तर की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को देखकर यह स्पष्ट होता है कि वे बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, विधायक मीरगंज डा. डीसी वर्मा, विधायक फरीदपुर डा. श्याम बिहारी लाल, विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल, विधायक नवाबगंज डा. एमपी आर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, प्रमुख व्यवसायी घनश्याम खंडेलवाल, अनुपम कपूर, ब्लॉक प्रमुखगण यशवंत सिंह, वेद प्रकाश यादव, मित्रपाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में बदायूं रोड पर दूरदर्शन केंद्र के सामने पंक्चर जोड़ने की दुकान चलाने वाले नन्हेलाल (30 वर्ष) की सोमवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। पत्नी ने गांव के तीन युवकों पर पति की पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। कैंट पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, मंगलवार को शव का पोस्टमॉर्टम होने के बाद हकीकत पता लगेगी।

सोमवार दोपहर कैंट के गांव कांधरपुर निवासी सुनीता अपने पति नन्हेलाल को लेकर जिला अस्पताल आईं। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने नन्हेलाल को मृत घोषित कर दिया। यहां पत्रकारों और पुलिस को सुनीता ने बताया कि पति रोज की तरह दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले पति के तीन दोस्त दुकान पर पहुंचकर शराब पीने लगे। उसके पति से पीने के लिए पानी मांगा। पति ने मना किया तो इन लोगों ने उनकी पिटाई कर दी।

सुनीता ने बताया कि थोड़ी देर बाद इन्हीं में से एक युवक उनके घर आया और बताया कि हमने तुम्हारे पति की पिटाई कर दी है, जाकर देख लो। वह दुकान पर पहुंची तो नन्हेलाल बेहोशी की हालत में थे। सुनीता ने कैंट थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। आरोप है कि उनके पति की हत्या की गई है। नन्हेलाल के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां बेबी, खुशी और पिंकी हैं। घटनाक्रम को लेकर लगे आरोपों के बाद कैंट थाना प्रभारी राजेश कुमार ने मामले में जांच की और प्रारंभिक जांच रिपोर्ट एसएसपी को भेज दी। जांच में बताया गया है कि सोमवार शाम जिला अस्पताल के मेमो से नन्हेलाल की मौत का पता लगा। वह हृदय रोगी और नशे का आदी था। दिन में वह बुखारा गांव के स्वीमिंग पूल में नहाने गया था। वहां से लौटकर अपनी दुकान पर काम करने लगा। यहीं उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, उसके आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

# स्पा के बहाने देह व्यापार: बरेली में बिहार के दंपति चला रहे थे रैकेट

- मसाज के नाम पर होता था जिस्म का सौदा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में बिहार के निवासी दंपती स्पा के बहाने किराये के मकान में लंबे समय से देह व्यापार रैकेट चला रहे थे। आरोपी दंपती चंद कदम दूर स्थित कर्मचारीनगर चौकी पुलिस से सेटिंग व नेताओं की सांठगांठ से यह धंधा चला रहे थे। पुलिस ने स्पा संचालिका बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी सलोनी को हिरासत में लिया है। उसके पति नीरज की तलाश की जा रही है। दोनों मुरादाबाद की युवतियों को यहां लाकर देह व्यापार कराते थे।

एक मकान में ग्लैक्सी स्पा के नाम से संचालित मसाज पार्लर में काफी समय से देह व्यापार हो रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने शनिवार रात सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। सीओ तृतीय ने पुलिस टीम के साथ छापा मारा। मकान से दो युवकों व छह युवतियों को गिरफ्तार किया गया। सीओ ने पूछताछ की तो युवतियों ने बताया कि वह अपने शौक पूरे करने के लिए यह गलत काम करती हैं। मसाज के नाम पर ग्राहक को बुलाती हैं, फिर एक हजार रुपये से लेकर दो हजार रुपये तक वसूलती हैं। क्यूआर कोड के जरिये भी रुपये लेती है।

### दवाओं का जखीरा बरामद

पुलिस ने देह व्यापार करने वाले गिरोह के पास से बड़े पैमाने पर कोमोत्तजेक दवाएं बरामद की हैं। इसके साथ ही सौंदर्य प्रसाधन, 10 स्मार्टफोन, क्यूआर कोड और 13,530 रुपये बरामद किए गए।

### मकान मालिक को किया जा सकता है नामजद

सीओ तृतीय ने छापामारी की तो चौकी पुलिस को भी अंतिम समय में भनक लगी थी। अब एसएसपी चौकी पुलिस की गतिविधियों को लेकर जानकारी जुटा रहे हैं। आमतौर पर पुलिस किरायेदारों का सत्यापन करती है, लेकिन इस मामले में पुलिस ने किसी का सत्यापन नहीं किया था। पुलिस अब मकान मालिक के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। उसे भी नामजद किया जा सकता है।

### पॉश कॉलोनी में चल रहा था गंदा काम

पिछले महीने इज्जतनगर क्षेत्र के बन्नूवाल नगर में देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। अब इसी इलाके में यह दूसरा रैकेट पकड़ा गया है। क्षेत्र के एक सैलून में भी इसी तरह की गतिविधियां देखी गई थीं। पिछले साल पुलिस ने यहां छापा मारा था, लेकिन सेटिंग के चलते सैलून फिर संचालित होने लगा है।

# बरेली ट्रैफिक पुलिस को मिले 50 टेम्परेचर कंट्रोल हेलमेट

- एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को बांटे हेलमेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भीषण गर्मी में दिन-रात सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे पुलिस कर्मियों को अब राहत मिलने वाली है। ट्रैफिक पुलिस के जवानों की सेहत और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बरेली पुलिस को 50 अत्याधुनिक टेम्परेचर कंट्रोल हेलमेट प्रदान किए हैं। इन हेलमेटों की खासियत यह है कि ये न केवल गर्मी से राहत दिलाएंगे, बल्कि सर्दी में भी इस्तेमाल किए जा सकेंगे। इस अभिनव पहल की शुरुआत मंगलवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने की। उन्होंने आयोजित एक कार्यक्रम में 50 ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को यह हेलमेट वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे ट्रैफिक पुलिसकर्मी दिन-रात सड़कों पर खड़े रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने का कार्य करते हैं। गर्मी के इस मौसम में उनका विशेष ख्याल रखना आवश्यक है। टेम्परेचर कंट्रोल हेलमेट इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हेलमेट तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता रखता है, जिससे गर्मी में ठंडक और सर्दी में गर्माहट मिलती है। इसमें एक रिचार्जेबल बैटरी लगी है, जिसे चार्ज कर लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है। हेलमेट में आंखों की सुरक्षा के लिए एक प्रोटेक्टिव वाइजर भी दिया गया है, जो धूप और धूल से बचाव करता है। इसके अलावा इसका डिजाइन पूरी तरह से आरामदायक और हल्का है, जिससे लंबे समय तक पहनने पर भी कोई असुविधा नहीं होती। एसएसपी ने यह भी जानकारी दी कि इस पहल की शुरुआत फिलहाल 50 ट्रैफिक कर्मियों के साथ की जा रही है। आने वाले समय में जैसे-जैसे और हेलमेट की खेप मिलेगी, उन्हें होमगार्ड्स और अन्य ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के बीच भी वितरित किया जाएगा।



इस अवसर पर एसपी ट्रैफिक अकमल खान समेत अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि उनका स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहेगा। बरेली पुलिस की यह पहल न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के अन्य हिस्सों के लिए भी एक मिसाल बन सकती है, जहां अत्यधिक मौसम में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों की सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र में नवलपुर चिंता गांव निवासी 25 वर्षीय बबली की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पिता ने बताया कि सोमवार शाम को उनके पास बेटी ने कॉल किया था। उसने बताया कि सब लोगों ने बहुत पीटा है। जल्दी आकर ले घर जाओ। लेकिन जब वह लोग वहां पहुंचे तो बेटी की लाश मिली। उनकी सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी।

बरेली के भुता थाना क्षेत्र के डंडिया नवाजिश अली गांव निवासी महेश पाल ने पांच साल पूर्व बेटी बबली की शादी बंडा थाना क्षेत्र के नवलपुर चिंता गांव निवासी अरविंद के साथ की थी। महेशपाल ने बताया कि दामाद को दहेज में बाइक भी दी थी, लेकिन शादी के बाद से दामाद और उसके घर वाले आए दिन बेटी के साथ मारपीट करने लगे। दामाद दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग कर रहा था।

सोमवार को दामाद और उसके घर वालों ने उनकी बेटी बबली की हत्या कर दी, और उसे फंदे से लटका दिया। 14 मई को बबली के छोटे भाई की शादी थी। बबली पति के साथ शादी समारोह में आई थी। मायके में ही बबली को उसके पति ने पीटा था। जबरदस्ती घर लेकर चला गया था। सोमवार को आखिरी बार बेटी ने पिता को फोन कर कहा था कि पापा सभी ने उसको बहुत मारा है। जल्दी आकर उसको ले जाओ।

पिता ने जल्द आने की बात कही, फिर थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि बबली की मौत हो गई है। घटना के संबंध में बंडा थाना प्रभारी प्रदीप राय ने बताया कि मृतका के पिता महेश पाल की तहरीर के आधार पर उनके दामाद समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# तहसीलों में जीरो टॉलरेंस की नीति से कार्य करें अधिकारी: डीएम

- डीएम ने राजस्व विभाग से सम्बंधित सीएम डैशबोर्ड की, की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से सम्बंधित सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में राजस्व विभाग से सम्बंधित सीएम डैशबोर्ड पर सी, डी एवं ई श्रेणी वाले विभागों की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान पाया गया कि उद्योग विभाग की मार्च में ई रैंक थी, अप्रैल में सुधार होकर डी रैंक हो गयी, और वर्तमान में सी रैंक है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि इस माह की रैंकिंग बी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान पाया गया कि मार्च व अप्रैल दोनों माह रैंकिंग डी है। आबकारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस माह की रैंकिंग ए लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है।

बैठक में बांट-माप की समीक्षा के दौरान पाया कि ए रैंक प्राप्त हुई है। बैठक में गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए पाया कि गेहूं खरीद विगत माह डी रैंक में था, सी में जाने की उम्मीद है। जिसपर डीएम ने गेहूं खरीद बढ़ाये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि तीन वर्ष व पांच वर्ष से अधिक जो भी वाद लम्बित हैं, उनकी समीक्षा सीधे मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं की जाती है। जिसपर उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी वाद लम्बित हैं उनका अति शीघ्र निस्तारण किया जाए। बैठक में पाया कि धारा 24 व धारा 116 के अधिक वाद लम्बित हैं, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते सुधार करने के निर्देश दिये।

बैठक में डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद की समस्त तहसीलों में लेखपाल को यह संदेश अवश्य दिए जाए कि वह जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुसार ही कार्य करें। समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि अपनी-अपनी कोर्ट में अवश्य बैठें।

जल ही जीवन है इसे बचाएं

# दहेज केस से नाराज पति ने की दूसरी शादी

- महिला ने बारादरी थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के पति ने दहेज के मुकदमे से नाराज होकर दूसरी महिला से शादी कर ली। महिला ने सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव और बारादरी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

त्रिमूर्ति नगर निवासी रुचि चौहान ने बताया कि उसकी शादी बदायूं के थाना बिल्सी में हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग कर उत्पीड़न करने लगे। इसकी रिपोर्ट बारादरी थाने में दर्ज कराई, जिसमें पुलिस ने चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल कर दी है। आरोप है कि पति, ससुर, देवर समेत ननद के खिलाफ दर्ज कराए गई रिपोर्ट के कारण सभी काफी नाराज चल रहे थे।

उसने परिवार न्यायालय में भरण-पोषण के लिए वाद भी दाखिल कर रखा है, जो विचाराधीन है। तलाक की कोई कानूनी प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई है। आरोप है कि पति ने इज्जतनगर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती से शादी कर ली।

यह शादी चौपुला स्थित शिव बगिया मंदिर में हुई। शादी के समय पति समेत उसके पूरे परिवार के लोग मौजूद थे।

# समस्याओं को लेकर तहसील सभागार में अधिकारियों संग भाकियू एकता के पदाधिकारियों ने की बैठक



**जेवर।** तहसील क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा की जा रही अघोषित विद्युत कटौती एवं अन्य किसान समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता के पदाधिकरियों और तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों सहित विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच एक आवश्यक बैठक आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्युत विभाग से जेवर व ग्रेटर नोएड़ा एक्सीएन ग्रेटर मौजूदगी रहे।

भारतीय किसान यूनियन एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम चन्द शर्मा के नेतृत्व में आज मंगलवार को तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में इस भीषण गर्मी में सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा की जा रही अघोषित विद्युत कटौती एवं अन्य किसान समस्याओं का समाधान कराये जाने को लेकर आयोजित आवश्यक बैठक में उपजिलाधिकारी न्यायिक विवेक भदौरिया एवं बिजली विभाग से आए अधिकारियों ने बिजली की आपूर्ति को सुचारू किए जाने तथा अन्य समस्याओं के शघ्र निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम चन्द शर्मा बैठक में आए सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विद्युत की आपूर्ति में सुधार और अन्य समस्याओं का निस्तारण जल्दी नहीं किया गया तो भाकियू एकता आन्दोलन करने को विवश होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकुमचंद शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव शर्मा प्रदेश अध्यक्ष युवा विकास शर्मा जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर ठाकुर महेश सिंह मेरठ मंडल अध्यक्ष मास्टर धर्म सिंह वकील पहलवान सुखपाल नेताजी अवनीश भाटी संजय सिंह वीरेंद्र सिंह चेतन शर्मा जिला प्रवक्ता नोएडा भोला पहलवान वह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कल्याण करोति में नेत्र चिकित्सा शिविर सम्पन्न



**मथुरा।** जब हमारे प्रयास किसी निराश को आशा देते हैं, जब हमारी मदद किसी के जीवन में उजाला भरती है तब वही क्षण ईश्वर की सच्ची उपासना बन जाते हैं।

जरूरतमंदों की सेवा करना केवल दान नहीं, बल्कि हमारे जीवन का सबसे पवित्र कर्म है। यह कार्य हमें स्वयं के भीतर की मानवता से जोड़ता है, और हमारे संसाधनों को एक बड़े उद्देश्य के लिए उपयोगी बनाता है। यह प्रेरणादायक विचार विजय अग्रवाल ने मथुरा के गोवर्धन रोड स्थित श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान के प्रांगण में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। यह शिविर स्व. विशम्बर नाथ अग्रवाल एवं स्व. सुराज देवी की पुण्य स्मृति में, कल्याणं करोति संस्था के सौजन्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल, नेक्सफ्लेक्स पैकेजिंग एलएलपी, मथुरा, ने कहा, हम मात्र माध्यम हैं। वास्तव में सेवा का अवसर देने वाले रोगियों का ही आभार बनता है उनके कारण ही हमें मानव सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।" नवीन मित्तल ने कहा कि "आज का यह आयोजन केवल एक चिकित्सा शिविर नहीं, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा है।

मथुरा न केवल धर्म की नगरी है, बल्कि परोपकार और सेवा की भूमि भी है। ऐसे आयोजन समाज को संवेदनशील बनाते हैं और हमें यह समझाते हैं कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।" कल्याणं करोति के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में मथुरा सहित आस–पास के क्षेत्रों से आए कुल 346 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 101 रोगियों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क सुविधा प्रदान की गई, जिसमें दवा, चश्मा, भोजन, बिस्तर की व्यवस्था शामिल रही। कार्यक्रम का संचालन निरूपम भार्गव ने किया। इस अवसर पर शिवर अग्रवाल, शिवांग अग्रवाल, सात्विक उपाध्याय, राजीव मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया।

# संस्कृति विवि में प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने के बताए सहज उपाय



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में ''प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ानेः समग्र दृष्टिकोण'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। संस्कृति विश्वविद्यालय के योग और फिटनेस क्लब , योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग तथा संस्कृति आयुर्वेदिक चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार में अतिथि वक्ताओं ने योग, एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से रोग प्रति. रोधक क्षमता को बढ़ाने के सहज उपाय और इन तरीकों के महत्व को विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में डॉ. बालमुकुंद (बीएनवाईएस, एमएससी योग, शांति मार्ग योग आश्रम, यूएसए के संस्थापक), डॉ. गोकुल (बीएनवाईएस, एसपीपीसी, पतंजलि वेलनेस), डॉ. मीना गुप्ता (एमडी पैथोलॉजी, सहायक प्रोफेसर), डॉ. एंडरसन (एमडी योग और एक्यूपंक्चर, सहायक प्रोफेसर) और डॉ. अनुधि (बीएनवाईएस, (ऑनर्स साइक. ोलॉजी, सहायक प्रोफेसर) ने विद्यार्थियों को विषय संबंधी जानकारियां देकर जागरूक किया। सेमिनार में योग, एक्यूपंक्चर और प्राकृतिक उपच. ारों सहित प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के समग्र दृष्टिकोणों पर अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए विशेषज्ञों के लिए एक मंच प्रदान किया। डॉ. तनुश्री (एचओडी) और डॉ. स्नेहा (सहायक प्रोफेसर) के मार्गदर्शन में बीएनवाईएस छात्रों द्वारा कार्यक्रम का अच्छी तरह से समन्वय किया गया और डॉ. अनूप (सहायक प्रोफेसर) के साथ उपयोगी बातचीत हुई। बीएनवाईएस प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों अंकिता,सारा,सफक,अंजलि,कनष्का, सचिन, रुषिकेश, गुंजन द्वारा कुशलतापूर्वक हमारे पंच तत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन नेहा, मोहम्मद सूफियान, अनुपम ने किया। स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डॉ. डीएस तोमर की देख रेख में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में योग और फिटनेस क्लब की टीम, जिसमें अध्यक्ष कुमोदिनी राणावत, उपाध्यक्ष देवांशु, सचिव सुमित चौधरी, संयुक्त सचिव आस्था श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक शरद मिश्रा, मीडिया समन्वयक इशांत शेंडे और कोषाध्यक्ष छवि शामिल थीं, ने

# अब विकसित होगा वृंदावन सप्त देवालय सर्किट



**मथुरा।** श्री बाँकेबिहारी के दर्शन की अभिलाषा लेकर वृंदावन आने वाले भक्त अब सप्त देवालायों तक भी सुगमता पूर्वक पहुंच सकेंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने वृंदावन सप्त देवालय सर्किट विकसित करने की योजना तैयार की है। वृंदावन सप्त देवालय भगवान श्री राधा कृष्ण के प्राचीन मंदिर हैं, जो बिहारी जी मंदिर के आसपास ही स्थित हैं। यह सभी मंदिर वृंदावन की प्राचीन इतिहासिक धार्मिक धरोहर के रूप में मौजूद हैं। इसमें कुछ मंदिर एएसआई के अधीन भी हैं। भले ही वृंदावन आने वाले कृष्ण भक्तों की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है, लेकिन सप्तदेवालय तक इनकी पहुंच निरंतर कम होती जा रही है। अतिनिकट होने के बाद भी श्रद्धालु यहाँ तक नहीं पहुंच पाते हैं। अब इस स्थिति ही बदलने के लिए उत्तर प्रदेश् ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने वृंदावन सप्त देवालय सर्किट के विकास की योजना तैयार की है। फिलहाल इसमें सप्तदेवालय के पहुंच मार्ग को नया रूप दिया जाएगा। इस योजना के तहत 18 करोड़ की लागत से विकास कार्य होंगे। सप्त देवालय सर्किट के रूप में 03 किलोमीटर का मार्ग बनाया जाएगा। इससे सप्त देवालय तक सुगम यातायात की व्यवस्था सम्भव होगी। इन सभी मार्गों पर दर्शनार्थियों के लिए पारम्परिक शैली के साइन बोर्ड, शौचालय, पेयजल सुविधा के साथ विश्राम स्थल आदि का भी विकास किया जाएगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि वृंदावन सप्त देवालय सर्किट के विकास की योजना बनाई है। इसमें मंदि. रों से जुड़े मार्ग सहित अन्य सुविधाए प्रदान की जाएंगी। योजना है कि श्रीबाँके बिहारी जी के दर्शन के साथ लोग आसपास के मंदिरों के दर्शन के लिए सुग.

### वृंदावन सप्त देवालय ...

1. **श्री गोविंद देव जी मंदिरः**–यह मंदिर वृंदावन में टीलेनुमा स्थल पर स्थित, जो सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है, जो लाल पत्थरों से बना हुआ है। इसकी खूबसूरती देखते ही बन रही है।
2. **श्री मदन मोहन मंदिरः**–यह मंदिर भी लाल पत्थरों से बना हुआ है, जो बिहारी जी मंदिर के बेहद निकट है। जो वृंदावन के सबसे ऊंचे टीले पर स्थापित है।
3. **श्री गोकुलानंद जी मंदिरः**– यह मंदिर गोकुलानंद गोस्वामी द्वारा स्थापित किया गया है।
4. **श्री गोपीनाथ जी मंदिरः**– यह मंदिर वृंदावन के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है, जिसमें राधा रानी और भगवान कृष्ण विराजमान हैं.
5. **श्री राधा श्याम सुंदर जी मंदिरः**– यह मंदिर वृंदावन में राधा और कृष्ण की प्रेम लीलाओं का बखान करता है।
6. **श्री राधा दामोदर जी मंदिरः**–यह मंदिर वृंदावन के छह गोस्वामियों में से एक, श्री रूप गोस्वामी द्वारा स्थापित किया गया था.
7. **श्री राधा रमण मंदिरः**–इस मंदिर में श्री राधा रमण जी, एक सुंदर देवता, शालिग्राम शिला से प्रकट हुए हैं।

## अहिल्याबाई जन्म त्रिशताब्दी वर्ष कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत प्रतियोगिताओ का आयोजन

**पूरनपुर।** गुरु नानक इंटर कॉलेज में अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर गुरुनानक इंटर कॉलेज में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान उपस्थित रहे। छात्र–छात्राओं की सुंदर रंगोली ने सभी का दिल मोह लिया। नगर अध्यक्ष द्वारा छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष उपेंद्र भारती, कमल मोहन पाण्डेय प्रधानाचार्य, संजीव कुमार, परगट सिंह, राजेश कुमार, अरविंद कुमार गंगवार व राजेश कुमार प्रधानाचार्य, पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर आदि शामिल रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा का आयोजन

**पूरनपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान ब्रज प्रदेश मथुरा द्वारा संचालित,"शिशु शिक्षा समिति" मोहन सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर निकट पुरानी स्टेट बैंक के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर में किया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी द्वारा नरसंहार हमला हुआ, जिसमें मासूम नागरिकों की जान गई। भारतीय सेना ने "ऑपरेशन सिंदूर" के रूप में इस आतंकवादी हमले को करारा जवाब दिया है। नगर में मोहन सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर एवं महिला जागृति मंच द्वारा नगर पालि. का चौराहा, पकड़िया तिराहा, होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने फूंका कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह का पुतला



**पीलीभीत।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार में दुग्ध पशुपालन कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह का पुतला बजरंगदल के द्वारा दहन किया गया। उन्होंने आंवला में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद को गुंडा कहा था और विहिप के कार्यकर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जिसके विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता पूरे ब्रज प्रांत में पुतला दहन कार्यक्रम चला रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओ का कहना है जब तक वह खुद स्वयं माफी में नहीं मान लेते हैं तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उनकी मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री आदरणीय आदित्य योगी नाथ ऐसे मंत्रियों को तत्काल अपने कैबिनेट से बर्खास्त कर उनके विरुद्ध कई कानूनी कार्रवाई करे। विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त जिला संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ ने बताया एवं कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल के सहसंयोजक अमित गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मठ मंदिर प्रमुख संतोष मिश्रा, रामानुज अवस्थी, आदित्य राना, आदित्य रत्नाकर, आदित्य ओझा, लड़ी, शुभा सक्सैना, सूरज कश्यप, शिवम वर्मा, नरेश वर्मा, श्रीपाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, बरेली।**

पत्रांक 247/ल0सिं0/लेखा/उथले बो0छिद्रण/पंजी0/2025–26 दिनांकः 08.05.2025

पंजीकरण सूचना सं0–19/2025–26

समस्त अधिकृत फर्मों को सूचित किया जाता है,कि लघु सिंचाई खण्ड,बरेली के अधीन जनपद बरेली में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत सीमान्त कृषकों का 110 एम0एम0एम0 व्यास के उथले बोरिंग (अधिकतम गहराई 30 मी0तक) के छिद्रण कार्य हेतु ड्रिलिंग फर्मों से तकनीकी विशिष्टियां आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मदाताओं को पंजीकरण आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रपत्र संलग्न करने अनिवार्य होगें। पंजीकरण हेतु रू0 25000.00 (पचचीस हजार) की जमानत धनराशि की एफ0डी0आर0 शिडयूल कमर्शियल बैंक जो अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा, 110एम0एम0 बोरिंग छिद्रण कार्य हेतु आवेदकर्ता फर्मों के पास समस्त उपकरण होने एवं उपलब्ध बोरिंग सैट की संख्या तथा सम्बन्धित विवरण का शपथ पत्र (रू0 100.00 के स्टाम्प पर),जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छाया प्रति, ड्रिलिंग एजेन्सी/फर्म का उत्तर प्रदेश भू–गर्भ जल विभाग के पोर्टल पर सम्बन्धित जनपद मे वैध पंजीकरण प्रमाण–पत्र (6–ए) की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा, विगत पांच वर्षों में किन्ही दो वित्तीय वर्षों का बोरिंग छिद्रण कार्य करने का अनुभव प्रमाण–पत्र,आयकर रिटर्न (नवीनतम आई0टी0आर0) प्रमाण–पत्र की प्रति पंजीकरण आवेदन पत्र (शर्तो सहित) नकद रू0 300.00 का मूल्य देकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 24.05.2025 को प्रातः 10:00 से दिनांक 30.05.2025 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। पंजीकरण प्रपत्र हेतु मुहर बन्द लिफाफे दिनांक 02.06.2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें। जो उसी दिनांक को अपरान्ह 2:30 बजे उपस्थित फर्मदाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोले जायेगें, उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही अगले दिवस को होगी। जिसके परीक्षणोंपरान्त पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
बरेली।

UPID-233863, DATE-19/05/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

# ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगलवार पर भव्य सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन



**पीलीभीत।** भगवान बजरंगबली को समर्पित ज्येष्ठ माह के द्वितीय मंगलवार के अवसर पर व्यापारी नेता शैली अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, कपीश अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल के द्वारा शहर के ब्रह्मचारी घाट स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भव्य सुंदरकांड एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भगवान के सुंदरकांड का पाठ किया एवं भंडारे का प्रसाद चखा।

इस अवसर पर राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन सिंह तोमर, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल सहित सैंकड़ों लोगों ने मंदिर पहुंचकर हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## सेना के कर्नल ने जवानों के साथ तोड़ा विवादित घर, पोती के साथ रोती रही महिला

**बागपत।** वाजिदपुर गांव में एक परिवा. रिक मकान विवाद ने नया रूप ले लिया है। धीर सिंह की पत्नी सुशील का आरोप है कि उनके भतीजे, जो सेना में कर्नल हैं, ने अन्य सैन्य जवानों के साथ मिलकर उनका मकान क्षतिग्रस्त कर दिया।वाजिदपुर के ऋषिपाल के पुत्र कर्नल तरुण ने सात सैन्य जवानों के साथ मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। यह कार्रवाई न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के दौरान की गई।

# जीआईसी की जमीन पर बनी 24 दुकानों पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** टांडा में नगर पालि. का ने आज बड़ी कार्रवाई की। जीआईसी की जमीन पर बनी 24 दुकानों को जेसीबी से तोड़ दिया गया। इन दुकानों का किराया नगर पालिका टांडा वसूलती थी। नगर पालिका ने 3 मई को दुकानदारों को नोटिस दिया था। इसमें 15 दिन की मोहलत दी गई थी। मोहलत 18 मई को खत्म हो गई। नगर पालिका में 19 में की रात को अनाउंसमेंट कर दिया था की दुकानदार अपना अपना सामान निकाल ले ।

दुकानदारों ने रात में ही अपना सामान और फिक्सचर निकालना शुरू कर दिया था। 20 तारीख मंगलवार को सुबह करीब 5:00 बजे अतिक्रमण की कार्यवाही हुई जिसमे सभी दुकानों को ध्वस्त किया गया। टांडा तहसील में इन दिनों अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाने का अभियान चल रहा है। जिला अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने कहा




कि पूरे जिले में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण से सड़कों पर हादसे होते हैं। नालों की सफाई में भी दिक्कत आती है। बरसात से पहले सभी अतिक्रमण हटा दिए जाएंगे। दुकानें तोड़े जाने से दुकानदार मायूस हैं। उन्हें उम्मीद है कि उन्हें दूसरी जगह दुकानें दी जाएंगी।

# भाकियू भानू ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला उपाध्यक्ष आकिल खां के नेतृत्व में भाकियू भानु के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौपा ज्ञापन। ज्ञापन के जरिए बाकियों भानु का आरोप है कि शाहबाद क्षेत्र में मच्छर मारने की कीटनाशक दवाई सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई थी,लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक मच्छर मारने व कीटनाशक दवाई

**शाहबाद के ग्रामीण क्षेत्र में नही हो रहा मच्छर मारने की दवा का छिड़काव**

का छिड़काव नहीं हो पाया है आरोप लगाते हुए कहा गया है कि इसमें स्वास्थ्य केंद्र अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत से घोटाला किया गया, इसकी जांच कराई जाए तथा शाहबाद क्षेत्र में किसान को कर्ज वसूली के नाम पर दबाया जा रहा है और किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है और किसानों से अवैध वसूली की जा रही है इसे रोका जाए।

शाहबाद क्षेत्र के ग्राम मधुकर से ग्राम परोता को जाने वाला रास्ता काफी खराब है, इसे जल्द सही कराया जाए। ज्ञापन में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खां, हरिश्चंद्र, हरपाल सिंह,शाहिद खां,भरे सागर, राजपाल सिंह,शकील अहमद, वेदराम सिंह,इरफान खान, मुख्तियार शाह, आरिफ खान आदि किसान मौजूद रहे।

# एसडीएम ने पालिका की गौशाला का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर पालिका परिषद की गौशाला में कल सभासदों ने पहुंच कर निरीक्षण में अवस्थाओं का जिक्र किया था जिसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसको लेकर मंगलवार को उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने नगर पालिका परिषद मिलक के नसीराबाद स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में मौजूद गायों को गर्मी से बचाव तथा हरे चारे की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए उप जिलाधिकारी ने मंगलवार को नगर के नसीराबाद स्थित गौशाला पहुंच कर निरीक्षण किया और गौशाला में गायों की संख्या का रजिस्टर देखा फिर स्वयं गायों की संख्या देखी गाय को मिलने वाले चारे की जांच की चारे के स्टॉक को देखा उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने वहां मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली और कहा गर्मी का मौसम है गर्मी पड़ रही है। गाय की सुरक्षा पूरी तरह की जाए गर्मी से बचाव के लिए उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने गौशाला के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि वहां पानी की हरे चारे की व्यवस्था पूरी तरह है हरा चारा की व्यवस्था के लिए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद डॉ. संदीप आदि अधिकारी कर्मचारी साथ में रहे।




# नसीराबाद में सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** सेना के सम्मान में नगर के नसीराबाद में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई नगर पालिका परिषद के नसीराबाद वार्ड नंबर 11 के तिरंगा यात्रा संयोजक सभासद भूकन लाल राठौर, प्रभारी डॉक्टर विकास शुक्ला, वार्ड नं. 14 की तिरंगा यात्रा संयोजक विनोद प्रकाश सक्सेना, सोनू प्रभारी, कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार भाजपा नेता, मंडल अध्यक्ष ममता मंडल उपाध्यक्ष मित्तल मंडल मंत्री बसंत कुमार एडवोकेट, सभासद वीरवती आदि के नेतृत्व में सैनिकों के सम्मान में



तरंग यात्रा धूमधाम से निकाल गई एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेना के शौर्य पराक्रम और सम्मान में नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**तिरंगा यात्रा का नगर में जगह-जगह किया गया स्वागत**

**( मो.फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** सेना के शौर्य पराक्रम और सम्मान में नगर में तिरंगा यात्रा निकली गई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के शौर्य पराक्रम और सम्मान में तिरंगा यात्रा नगर में निकाली गई। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मचारी और नगर की जनता ने एकजुट होकर नगर पंचायत कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली।

यह तिरंगा यात्रा नगर के काशीपुर मार्ग सदर बाजार चाद मस्जिद मोहल्ला चाउपुरा भूबरा होते हुए मेन चौराहा वापस सदर बाजार होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंची और सेना के पराक्रम और सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई जगह-जगह तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। नगर के कई स्थानों पर घूम कर यह तिरंगा यात्रा वापस नगर पंचायत कार्यालय पहुंची और सेना के शौर्य पराक्रम की चर्चा की गई और सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार



गोयल व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष कपिल गुप्ता अनिल दिवाकर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा बृजनंदन सिंह सागर संजीव कुमार गुप्ता बच्चन खान अनिल सागर जितेंद्र चंद्र लाखन सिंह मौर्य नरेश कुमार, अमरनाथ सागर आदि शामिल रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में संस्थापक की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के महासचिव वीरेंद्र कुमार सक्सेना के आवास पर संगठन की ओर से मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए संगठन के जिला महासचिव वीरेंद्र कुमार सक्सेना ने अवगत कराया की आगामी दिनांक 27 मई 2025 को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्मृति स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि है जिसको लेकर 27 तारीख को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें तय किया गया कि 27 को बाबू बालेश्वर लाल के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। बैठक में 30 में को होने वाले पत्रकारिता दिवस के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार रखें एवं इसके उपरांत पत्रकारों की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए चर्चा की जाएगी एवं



मीटिंग के उपरांत सभी पत्रकारों को सरकारी कर्मचारी की भांति नि:शुल्क चिकित्सा किए जाने हेतु चिकित्सा कार्ड जारी किए जाने संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जाएगा। जिससे सभी पत्रकारों को निशुल्क चिकित्सा मुहैया हो सके मीटिंग का संचालन संजीव गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में वीरेंद्र कुमार सक्सेना, लाखन सिंह राजपूत, इकबाल खान, सुधीर कुमार शर्मा, मुरारी लाल पांडे, शोभित सक्सैना, मिलक तहसील अध्यक्ष कृपाल सिंह दिवाकर, इकरार हुसैन, धीरेंद्र गंगवार, अमित कुमार जोशी, विनोद कुमार, अंकित कुमार जोशी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के चंद्रपुर कला,चंद्रपुर खुर्द,बेरुआ,ललवारा आदि गांवों में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी।

भारी संख्या में ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया।भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारों से माहौल गूंज उठा।विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक साथ मिलकर तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा ने ग्रामीणों की राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया।तिरंगा यात्रा ने विभिन्न समुदायों के लोगों को एक साथ मिलकर काम करने का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा ने ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की सफलता को मनाया और इसके महत्व को उजागर किया।तिरंगा यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने अपने घरों और वाहनों पर तिरंगा झंडा लगाकर देशभक्ति का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने एक दूसरे को तिरंगा झंडा देकर देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया।

ग्रामीणों ने देशभक्ति के गीत गाकर देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति का प्रदर्शन किया गया।तिरंगा यात्रा ने सामाजिक एकता का संदेश दिया और ग्रामीणों को एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। जिसमें नगर मंडल अध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह नरेश शर्मा,डॉ राजवीर सिंह, धर्मपाल सिंह लोधी, रामस्वरूप लोधी, रामनिवास, प्रीतिपाल सिंह,जितेंद्र प्रजापति, वीरपाल मौर्य, सतपाल सिंह आदि ने भाग लिया।



# मुख्यमंत्री से मिले राज्यमंत्री ( कृषि ) बलदेव सिंह औलख, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा



**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्य मंत्री कृषि बलदेव सिंह औलख ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 5- कालिद. ास मार्ग लखनऊ में मुलाकात की। रामपुर में बिलासपुर क्षेत्र में स्थित रुद्रविलास चीनी मिल को 75 करोड़ रुपए प्रदान किए जाने पर राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

उन्होंने रामपुर में कराए जा रहे विभिन्न जनोपयोगी विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी साथ ही जिले में औद्योगिक विकास को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में भी चर्चा की। इस दौरान राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री को रामपुर आने के लिए आमंत्रित किया जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द ही रामपुर आने के लिए उन्हें आश्वस्त किया।

# सीडीओ ने अधिकारियों के साथ की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक विकास भवन में उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा मुकेश कुमार ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत निजी आवासों पर 01 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का प्रावधान है, जिस पर अधिकतम 01 लाख 08 हजार रुपये तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाती है।

उन्होंने बताया कि इस योजना में घरों की छत पर सोलर पैनल लगवाने से लाभार्थियों को उनके विद्युत बिलों में भारी राहत मिलती है। सरकार द्वारा सोलर पैनल लगवाने के लिये लाभार्थी को बैंकों के माध्यम से मात्र 07 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है। जो भी लाभार्थी इस योजना का लाभ लेना चाहता हैं, वह नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल



चउेनतलंहींत.हवअ.पद पर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

योजना के लिये आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बिजली का बिल, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नं० हैं।

परियोजना अधिकारी ने बताया कि जनपद रामपुर में अभी तक 834 संयंत्रों की स्थापना करायी जा चुकी है तथा 740 उपभोक्ताओं को सरकार की ओर से सब्सिडी प्राप्त हो चुकी है। मुख्य विकास अधिकारी ने परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देशित किया की समस्त वेण्डर से उनके बैंक स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों की सूची तथा ऐसे आवेदकों की सूची, जिन्होंने वेण्डर को चयनित कर लिया है, को प्राप्त करते हुये तत्काल कार्यालय में प्रेषित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को 300-300 का लक्ष्य निर्धारित करते हुये शीघ्र ही समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की एक कार्यशाला आयोजित कर उनको योजना के लाभों से अवगत कराते हुये उनके घर की छतों पर सोलर पैनल लगवाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त कोटेदारों के घरों पर सोलर पैनल लगवाना सुनिश्चित करें और जिला पंचायत राज अधिकारी को पीएम सूर्यघर योजना में सकारात्मक सहयोग दिये जाने की सराहना करते हुये और अधिक कर्मचारियों को संयंत्र लगवाने हेतु निर्देशित किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अग्रणी प्रबन्धक को निर्देशित किया कि बैंक में लम्बित आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण करायें, जिससे लाभार्थी को योजना का लाभ यथाशीघ्र दिलाया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी वेण्डर्स को सार्वजनिक स्थानों, तहसीलों, ब्लाकों एवं सरकारी कार्यालयों में कैम्प का आयोजन कर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य




**शाह टाइमस ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रदेश में किसानों के लिए सरकार की ओर से कई लाभकारी योजनाएं संचालित हैं। इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचे, इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा रही है।

फार्मर रजिस्ट्री के तहत किसानों की डिजिटल आईडी बनाई जा रही है, ताकि किसानों को पारदर्शी तरीके से विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 307015 के सापेक्ष 169840 किसानों द्वारा अर्थात 56 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा चुकी है। इस प्रकार जनपद रामपुर मण्डल में पहले व पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि तहसील सदर में 33604, तहसील शाहाबाद में 32803, तहसील बिलासपुर में 18351, तहसील मिलक में 38086, तहसील स्वार में 26572 और तहसील टांडा में 20424 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि किसान फार्मर रजिस्ट्री की वेबसाइट https://pfr-agristack.gov.in पर या फार्मर रजिस्ट्री यूपी ऐप पर जाकर स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान जन सुविधा केंद्रों, कृषि व राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते हैं।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में मुख्यत: किसान की भूमि का विवरण संकलित किया जायेगा तथा आधार सहमति से उनको सरकारी योजनाओं का लाभ त्वरित प्राप्त होगा और अभिलेखों को बार-बार उपलब्ध कराने से मुक्ति मिलेगी।

उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि अपने पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, लेखपाल, कृषि तकनीकी सहायक या नजदीकी सेवा केंद्र से संपर्क कर तत्काल प्राथमिकता से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायें, ताकि किसानों को सभी योजनाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुई दौड़ व रंगोली प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर रंगोली दौड़वा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ प्रथम द्वितीय स्थान पाने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित।

मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहबाद में अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर हुए कार्यक्रमों के कार्यक्रमों में भाषण प्रतियोगिता के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ। बीते सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता तथा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। वही कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इस कार्यक्रम में शासन से नियुक्त जनप्रतिनिधि के रूप में राज. कुमार गुप्ता तथा वेद प्रकाश चंद्रवंशी शिरकत की। जयंती के अवसर पर सबसे पहले अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जनप्रति. निधि के रूप में शामिल हुए राजकुमार गुप्ता ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। इसके बाद दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या वंदना शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में शामिल हुए राजकुमार गुप्ता और वेद प्रकाश चंद्रवंशी को शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या वंदना शर्मा ने तथा कार्यक्रम का संचालन उजमा वकील खान ने किया। इस मौके पर अध्यापिका शबनम जहां उस्मानी, ममता गुप्ता, सीमा, तलत आरा, सुमन, मीनाक्षी, ज्योति, बरिशा, चांदनी, निधि, डोली, नबिता अर्चना, आनंद कुमार तरुण, रामसरण, रेनू आदि मौजूद रहे।

# मत्स्य पालन पट्टे की अवधि 3 से 5 वर्ष की बजाए 10 वर्ष की जाए : सहकार भारती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मंगलवार को सहकार भारती के प्रदेश संयोजक राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजू कश्यप के नेतृत्व में सहकार भारती के कार्यकर्ता और पदाधिकारी रामपुर में इकट्ठा हुए और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश कुमार सोनी को सोपा ।ज्ञापन के जरिए सहकार भारती ने मांग की है कि ग्रामीण मछुआ समुदाय के निर्धन मत्स्य पालकों को 3 से 5 वर्ष में लाभ अर्जित कर परिवार का पालन पोषण करना संभव है इसलिए पूर्व की भांति मत्स्य पालन पट्टा की अवधि दर 10 वर्ष रखी जाए । ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराते हुए सहकार भारती ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा गांव में तालाबों को तीन से पांच वर्ष के लिए पट्टे पर दिए जाने के निर्देश उत्तर प्रदेश के मत्स्य कृषक मत्स्य जीवि सहकारी समितियां एवं मछुआ समुदाय में भय एवं रोष व्याप्त है क्योंकि 90% मछुआ समुदाय का ग्रामीण गरीब निर्धन समाज ही मत्स्य सहकारी समितियां में तथा मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़ा हुआ है ग्राम समाज के तालाबों के 10 वर्षीय पट्टे आवंटन कराकर



अपना जीवन यापन करते हैं। यदि तालाबों की पट्टा अवधि 3 से 5 वर्ष होगी तो प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का कोई लाभ प्राप्त नहीं कर सकेगा क्रेडिट कार्ड, क्रेडिट किसान लोन भी बैंक से मिल पाना असंभव हो जाएगा उपरोक्त लाभ प्राप्त करने हेतु पट्टा अवधि का समय 5 वर्ष होना चाहिए। इस स्थिति में गांव के मत्स्य कृषक इस व्यवसाय को छोड़कर गांव से पलायन कर दूसरे राज्यों में मेहनत मजदूरी करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर गोविंद राम रवि कुमार ओम प्रकाश मोहित कुमार जबर सिंह राम सिंह विनोद कुमार खेमपाल बालकिशन हरपाल पूरनलाल अर्जुन जितेंद्र बृजनंदन आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य का मौन रक्षक गट फाइबर को रखें हमेशा मजबूत

**शशिमणि धर्मशाला में आयोजित हुए निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में अर्बन आयुष्यमान मंदिर एवं बैधनाथ आयुर्वेद के संयुक्त तत्वाधान में 184 लोगों ने कराई अपने स्वास्थ्य की जांच और चिकित्सा।**

**( हरमेश भाटिया )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अर्बन आयुष्यमान आरेग्य मंदिर अजीतपुर के द्धारा बैधनाथ आयुर्वेद के साथ एक वृहद स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर के दौरान आयुर्वेद मनोचिकित्सक डा. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि गट फाइबर हमारे पाचन तंत्र का एक अनमोल साथी है। यह न केवल पाचन को सुचारू रखता है, बल्कि हृदय स्वास्थ्य, ब्लड शुगर नियंत्रण और संपूर्ण इम्यून सिस्टम को भी सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि फाइबर युक्त आहार में साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियाँ और ताजे फल अपनाएँ। फाइबर के साथ पानी का सही संत. ुलन पाचन को बेहतर बनाता है। जबकि प्रोबायोटिक्स में दही, छाछ और किण्वित खाद्य पदार्थ को आहार का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने से आपके गट बैक्टीरिया स्वस्थ बने रहते है। गट हेल्थ बेहतर रहेगी तो आपका शरीर भी ऊर्जा से भरपूर रहेगा। डा. अवान्तिका ने कहा कि फास्ट फूड का सेवन करने से बचें। प्रोसेस्ड और तैलीय भोजन गट बैक्टीरिया के लिए अच्छा नहीं होता। प्रतिदिन हल्की शारीरिक गतिविधि भी पाचन को बेहतर करती है। अर्बन स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एसीएमओ डा. सत्यमूर्ति तोमर ने कहा कि आगापुर रोड एवं अजीतपुर रोड पर स्थित अर्बन स्वास्थ्य केन्द्र पर निःशुल्क




चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध है। गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य की सभी जांच एवं चिकित्सा हेतु लाभ उठाएं। इस दौरान बैधनाथ के आयुर्वेद चिकित्सक सिद्धांत जैन, मो. आजम और अर्बन हेल्थ मिशन से अर्बन समन्वयक मोहम्मद अनादिल, सुम्बुल, मीना, शहनाज, हिमान्शु, वामिश आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने पूर्व विधायक को बिजनौर का जिला कोऑर्डिनेटर बनने पर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कांग्रेस नेताओं ने पूर्व विधायक अफरोज अली खां के आवास पर पहुंचकर राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत जिला बिजनौर का कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर उनका फूल मलाओ से स्वागत किया और मुबारकबाद दी।

पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा कि संगठन को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। राहुल गांधी, अविनाश पांडे, अजय राय, और प्रदीप नरवाल जी ने जो उन पर भरोसा जताया है उस भरोसे को वह कायम करेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे साथ ही ब्लॉक स्तर पर और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा ताकि राहुल गांधी के हाथों को मजबूत किया जा सके। देश में जो भाजपा ने नफरत का माहौल पैदा किया है उसके खिलाफ हमें बूथ स्तर तक लड़ना होगा भाजपा की मान. सिकता ने देश मे विकास की गति को रोक दिया है देश की जनता बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त



है संगठन पार्टी की रीढ़ है हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरिफ अल्वी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनी कपूर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अकरम सुल्तान, पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादल विक्की नफीस, महबूब खां, नईम अहमद, आशक अली, लल्लन खां, शारीक खां, जिबरान खां आदि मौजूद रहे।

# अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** मंगलवार को थाना शाहाबाद पुलिस के उपनिरीक्षक आदेश कुमार ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल निपेंद्र कुमार व कांस्टेबल अनुज कुमार द्वारा गस्त/ चौकिंग के दौरान मोहल्ला कानून गोयांन थाना शाहबाद के रहने वाले आरोपी नाजिम पुत्र केशर अली को मोहल्ला नालापार कब्रिस्तान से गिरफ्तार किया तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक अवैध तमन्चा 315 बोर व एक अवैध



जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

कोतवाली पुलिस शाहाबाद ने आरा. ेपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में इंटर कॉलेज में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसबासी/रामपुर।** सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनका उद्ध्देश्य उनके त्याग, बलिदान, वीरता को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थियों को रानी अहिल्याबाई के जीवन से कुछ सीखकर अपने को आगे बढाना है रानी अहिल्याबाई का जीवन हमें विषम परिस्थियों में भी अडिग रहने की प्रेरणा प्रदान करता है।पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा ने भी छात्रो को सम्बोधित किया विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक मिठाई लाल ने व छात्रों ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय प्रकाश दीक्षित नेअतिथियों का आभार प्रकट करते हुए छात्रों छात्राओं को कहा कि इन कार्यक्रमों से महापुरुषों के जीवन से निरन्तूर अच्जान्तित होकर हमें जीवन को आगे बढ़ते रहना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के अध्यापक डा. योगेश चन्द्र परगाई ने किया।कार्यक्रम में पवन कुमार, सूरज



सिंह, शिशुपाल सिंह, दिनेश सिंह, देवेन्द्र वर्मा, देवल, करुणा चौहान आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# अहमदाबाद में होगा IPL का फाइनल

● क्वालिफायर-2 भी यहीं होगा, प्लेऑफ के दो मैच मोहाली में होंगे, आरसीबी-एसआरएच मैच लखनऊ में शिफ्ट




**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा।

यह फैसला मंगलवार को बीसीसीआई की एक बैठक में लिया गया। बोर्ड ने बताया कि क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर मैच मोहाली के पास मुल्लानपुर स्टेडियम में खेला जाएगा। इतना ही नहीं, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 23 मई को बेंगलुरु में होने वाले मैच को बारिश के कारण लखनऊ शिफ्ट कर दिया है। भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल को रोका गया था। फिर 17 मई से लीग के शेष मैचों की शुरुआत हुई। अब तक मौजूदा सीजन के 61 मैच खेले जा चुके हैं। अभी 13 मैच बचे हुए हैं। हैदराबाद की टीम लखनऊ में ही रुकेगी हैदराबाद की टीम मंगलवार को बेंगलुरु के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन टीम ने उड़ान कैंसिल कर दी है। अब टीम बेंगलुरु के खिलाफ मैच तक लखनऊ में ही रुकेगी। बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने बेंगलुरु में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। प्लेऑफ की 3 टीमें तय, चौथे के लिए दिल्ली-मुंबई में रेस मौजूदा सीजन में तीन टीमें प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं। इनमें गुजरात टाइटंस, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स शामिल हैं। 18 मई रविवार को दिल्ली में गुजरात ने दिल्ली को दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से हराया था। गुजरात की इस जीत से गुजरात, बेंगलुरु और पंजाब ने प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया था। दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है नरेंद्र मोदी स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी दर्शक क्षमता 1 लाख 32 हजार है। इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का नाम शुमार था। एमसीजी की क्षमता एक लाख दर्शक है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में लीग स्टेज के 61 मैच खत्म हो चुके हैं।` सनराइजर्स हैदराबाद की जीत ने लखनऊ सुपरजायंट्स को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर दिया। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े टकराव के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। बोर्ड ने कहा कि उसने खिलाड़ियों की चिंता, प्रशंसकों की भावनाओं को ध्यान में रखकर ये फैसला लिया है।

# दिलचस्प होगा 63वां मुकाबला

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 के 63वें मुकाबले में बुधवार को मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट के अंतिम प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ेगी।

दिल्ली कैपिटल्स वर्तमान में 12 मैचों में 13 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर और उसका नेट रन रेट (-0-260) है जिसने उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को जटिल बना दिया है। दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए हर हाल में मैच जीतना होगा। इस बीच 12 मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर काबिज पूर्व चैंपियन मुंबई घरेलू मैदान पर दिल्ली की चुनौती ध्वस्त कर प्लेऑफ में पहुंचना चाहेंगी। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली मुंबई ने अपनी लय हासिल कर ली है। उसने टूर्नामेंट में अब तक सात मुकाबले जीते है और उनकी टीम सभी विभागों में संतुलित दिख रही है। मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने 12 मैचों में 180 से अधिक की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 510 रन बनाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा, रेयान रिकेल्टन और विल जैक्स ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। तिलक वर्मा और नमन धीर ने मध्य क्रम में महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। अगर गेंदबाजी की बात की जाये तो जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं। जबकि पांड्या ने नौ से थोड़ा अधिक इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए हैं। दीपक चाहर और कर्ण शर्मा प्रभावशाली विकल्प रहे है। दिल्ली के लिए पिछले मैच में केएल राहुल की नाबाद 112 रनों की पारी खेली लेकिन उनकी शतकीय पारी टीम को जीत नहीं दिला पायी। उन्होंने 11 पारियों में 60 से अधिक की औसत से 493 रन बनाये है। वहीं दूसरे सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने टूर्नामेंट में अब तक (295 रन) बनाये है। दिल्ली के मध्यक्रम अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा शामिल हैं। इनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है और इससे टीम को करीबी मुकाबलों में नुकसान उठाना पड़ा है। मिशेल स्टार्क के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद, दिल्ली की नजरें मुस्तफिजुर रहमान और दुष्मंथा चमीरा पर टिकी है। कुलदीप यादव ने सात से कम की इकॉनमी से 12 विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जबकि अक्षर का ऑलराउंड प्रदर्शन महत्वपूर्ण बना हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि वानखेड़े की पिच से पहली पारी में सीम मूवमेंट मिलने की उम्मीद है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ ही यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल हो जाएगी।

अंतिम प्लेऑफ के लिए मुंबई और दिल्ली में होगी आर-पार की भिड़ंत

## संक्षिप्त खेल समाचार

### वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

### किदांबी श्रीकांत ने किया मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन स्टार किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग में मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले गये मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के शटलर कुओ कुआन-लिन और हुआंग यू काई को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। काबिज किदांबी श्रीकांत ने 29 मिनट तक चले मुक. ाबले में चीनी ताइपे के कुओ कुआन-लिन को 21-8, 21-13 से हराकर आसान जीत दर्ज की। श्रीकांत का दूसरा क्वालीफाइंग मैच दुनिया के 86वें नंबर के खिलाड़ी हुआंग यू काई के खिलाफ थोड़ा अधिक चुनौतीपूर्ण था। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम गंवा दिया, लेकिन अगले दो गेम में वापसी करते हुए मैच 9-21, 21-12, 21-16 से जीत लिया और मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। पुरुष एकल क्वालीफायर में भारत के अन्य दो खिलाड़ी बाहर हो गए।

### पेंचक सिलाट में दमन और दीव ने जीते दो स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** मेजबान दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव ने खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण के दूसरे दिन मंगलवार को पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण अपने नाम किए। पेंचक सिलाट इंडोनेशिया की एक पारंपरिक मार्शल आर्ट शैली है।दमन और दीव के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने सीनियर पुरुष 'तुंगल' (कलात्मक) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में मेजबान टीम की कीर्तन मनोज. कुमार आचार्य ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। घोघला बीच पर सुबह के सत्र में पेंचक सिलाट की एक और कलात्मक स्पर्धा में पंजाब के आर्यन ने सीनियर पुरुष 'क्रिएटिव सोलो' वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने ओडिशा के सोहिल गुरुंग को हराया। बीच सॉकर प्रतियोगिता की शुरुआत सोमवार को हुई थी।

# सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

■ हम युवाओं को खेलों की सभी सुविधाएं देगें : सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछली सरकार पर खिलाड़ियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती गुप्ता ने आज यहां तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली खेल-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए जो उनके लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि हमने पिछली सरकारों के समय में देखा है कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिलने के कारण उन्हें अन्य राज्यों में जाकर अपना नाम पंजीकृत करवाना पड़ता था। हम युवाओं को खेलों की सभी सुविधाएं देंगे ताकि दिल्ली के खिलाड़ी दिल्ली के साथ रहें और दिल्ली का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनको आर्थिक सहयोग भी प्रदान करेगी। दिल्ली सरकार ने अपने खेल बजट को दोगुना किया है और खिलाड़ियों के पुरस्कार राशि को भी चार गुना किया है ताकि दिल्ली का खिलाघी किसी भी क्षेत्र में पिछड़ा न रहे। उन्होंने कहा कि मैं विकसित भारत की तर्ज पर विक.


# हैदराबाद की जीत ने लखनऊ के सपने तोड़े

● प्लेऑफ की रेस में अब सिर्फ दिल्ली-मुंबई बचे

यशस्वी जायसवाल बन सकते हैं टॉप स्कोरर

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में लीग स्टेज के 61 मैच खत्म हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की जीत ने लखनऊ सुपरजायंट्स को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर दिया। जीटी, आरसीबी और पीबीकेएस ने अंतिम-4 में जगह बना ली है, चौथे स्थान के लिए दिल्ली और मुंबई में भिड़ंत है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सुपरजायंट्स ने 205 रन बनाए। हैदराबाद ने 18.2 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। लखनऊ सुपरजायंट्स को 12 मैचों में 7वीं हार मिली, टीम के 5 जीत से 10 ही पाइंट्स हैं। एलएसजीअब आखिरी 2 मैच जीतकर भी 14 पाइंट्स तक ही पहुंच पाएगी, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। टीम के 2 मैच गुजरात और बेंगलुरु से बचे हैं, इन्हें जीतकर एलएसजीटॉप-2 टीमों की जंग को रोमांचक बना सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ स्टेज से पहले ही बाहर हो चुकी है। टीम को 12 मैचों में चौथी ही जीत मिली, एक बेनतीजा मैच मिलाकर एसआरएच के 9 पाइंट्स हो गए। उनके 2 मैच बेंगलुरु और कोलकाता से बचे हैं। ज्ञज्ञत तो बाहर ही है, लेकिन बेंगलुरु को हराकर एसआरएच उन्हें टॉप-2 की रेस से बाहर कर सकती है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच दिल्ली में मैच खेला जाएगा। दोनों ही प्लेऑफ स्टेज से बाहर हैं। राजस्थान 9वें और चेन्नई 10वें नंबर पर है। दोनों के 6-6 पाइंट्स हैं, ऐसे में आज का मैच हारने वाली 10वें नंबर पर रहेगी। वहीं जीतने वाली टीम के पास 9वें नंबर पर रहकर लीग स्टेज खत्म करने का मौका रहेगा। आज राजस्थान के सभी मैच खत्म हो जाएंगे, वहीं चेन्नई का 1 मैच गुजरात से बाकी रहेगा। गुजरात के साई सुदर्शन आरेंज कैप लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए, उनके नाम 617 रन हैं। शुभमन उनके बाद दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 523 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। वे आज 95 रन बनाकर नंबर-1 पर पहुंच सकते हैं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट में 21 विकेट लेकर टॉप गेंदबाज बने हुए हैं। उनके बाद सीएसके के नूर अहमद ने 20 और आरसीबी के जोश हेजलवुड ने 18 विकेट लिए हैं। नूर आज 2 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल कर सकते हैं। लखनऊ के निकोलस पूरन नें 1 छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टॉप सिक्स हिटर के रिकार्ड में अपनी पोजिशन मजबूत कर ली। उनके नाम 12 मैच में 35 छक्के हो

# अभिषेक को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना




● आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन के लिए निलंबित

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता का उल्लंघन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाज दिग्वेश राठी को इस सत्र में तीसरी बार उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर एक मैच के निलंबन के साथ मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। यह घटना सोमवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मैच के दौरान आठवें ओवर में उस समय जब राठी ने अभिषेक शर्मा को आउट किया।

राठी ने अभिषेक को आउट करने के बाद उन्हें 'नोटबुक' में एंट्री का इशारा किया और फिर दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस हुई। इस दौरान अंपायर माइकल गॉफ को बीच-बचाव करना पड़ा। राठी को इस सत्र में तीसरी बार आईपीएल के आचार संहिता का उल्लंघन का दोषी पाया गया। इस सत्र में राठी के खिलाफ कुल पांच डिमेरिट अंक जोड़े गए हैं, इस कारण उन्हें एक मैच के लिए निलंबित किया गया है। वह अब वह गुरुवार को गुजरात टाइटंस के साथ होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। अभिषेक की इस सत्र में पहली गलती को देखते हुए उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। हालांकि मैच के बाद दोनों खिलाड़ी शांत नजर आए और हाथ मिलाते हुए एक-दूसरे के साथ मजाक करते दिखे। उल्लेखनीय है कि सनराइजर्स हैदराबाद ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया था।

# यूएई ने बांग्लादेश को हराया




● मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए, सीरीज 1-1 से बराबरी पर

**शारजाह, वार्ता।** यूएई ने बांग्लादेश के खिलाफ शारजाह में खेले गए टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी भी कर ली है।

पहला टी-20 मैच बांग्लादेश ने 27 रन से जीता था। यूएई की यह बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में पहली जीत है। इस जीत के लिए यूएई ने 206 रन का बड़ा टारगेट चेज किया। टी-20 में यह यूएई का सबसे बड़ा रनचेज है। यूएई ने टास जीतकर चुनी थी गेंदबाजी यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बना डाले।

बांग्लादेश की शुरुआत काफी बेहतरीन रही। पहले विकेट के लिए ओपनर तजिंद हसन और लिटन दास के बीच 55 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी हुई। साबिर खान ने तंजिद हसन को आउट का पार्टनरशिप तोड़ी। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा तंजिद हसन ने 33 गेंदों पर 59 रन बनाए। कैप्टन लिटन दास ने 32 गेदों पर 40 रन बनाए, जबकि तौहीद हृदोय ने 24 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं यूएई के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट मुहम्मद जवाद उल्लाह ने लिए। मोहम्मद वसीम ने यूएई के लिए बनाए 82 रन 205 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई को कप्तान मोहम्मद वसीम और मोहम्मद जोहब ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच 63 गेंदों पर पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी हुई। मोहम्मद जोहब ने 34 गेंदों पर 38 रन बना कर आउट हो गए। मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके और 5 छक्के जड़े। एक गेंद रहते जीती यूएई यूएई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। यूएई ने 19.5 ओवर में ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। उन्होंने एक गेंद पहले ही मैच को जीत लिया। बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम, नाहिद राणा और रिशाद हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज का आखिरी और निर्णायक मैच 21 मई को शारजाह में ही खेला जाएगा।

## खेल की परिस्थितियां और प्रारूप बीच कबड्डी को इंडोर कबड्डी से ज्यादा कठिन बनाते हैं: सुनीता

**दीव, वार्ता।** दिल्ली की लड़कियों की कबड्डी टीम की कोच सुनीता ने कहा कि खेल की परिस्थितयां और प्रारुप समुद्र तटों पर खेली जाने वाली बीच कबड्डी को इंडोर कबड्डी से ज्यादा कठिन बनाती हैं। बीच कबड्डी इनडोर कबड्डी की तुलना में कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इसमें खिलाड़ियों को प्राकृतिक परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। इस खेल के दौरान रेत में पैर धंसने से दौड़ना और दिशा बदलना मुश्किल हो जाता है। इसके साथ ही तेज धूप और समुद्री हवा खिलाड़ियों की सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा लेती है। कभी समुद्र की ठंडी हवा चलती है तो कभी वह पूरी तरह से थम जाती है। ये सभी चीजे प्रदर्शन को प्रभावित करती हैं। दिल्ली की टीम की कोच ने कहा कि गैर-तटीय राज्यों के खिलाड़ियों के लिए यह परिस्थितियां और भी कठिन होती हैं क्योंकि वे इनसे अनजान होते हैं। वह कहती हैं कि यहाँ कृत्रिम रेत का टर्फ तो अच्छा है, लेकिन पूरा वातावरण बेहद अलग और चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह एक पूरी तरह से अलग माहौल है। सुंदर समुद्र के किनारे खेलना एक अनोखा अनुभव है। कबड्डी तो वैसे ही भारत में काफी लोकप्रिय है। उम्मीद है कि खेलो इंडिया बीच गेम्स के माध्यम से बीच कबड्डी भी अपनी पहचान बनाएगी। मैट कबड्डी के अलावा समुद्र तटों पर भी एक कबड्डी खेली जाती है, जिसे बीच कबड्डी कहा जाता है। जहां तक नियमों का सवाल है तो बीच कबड्डी और पारंपरिक कबड्डी के मूल तत्व समान हैं, लेकिन कुछ बदलाव किए गए हैं ताकि यह समुद्र तट की परिस्थितियों के अनुकूल रहे।

# बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को मुंबई इंडियंस ने किया अनुबंधित

■ एमआई ने बेयरस्टो के साथ 5.25 करोड़ रुपये का करार किया




**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाईची मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी तौर पर टीम में जगह दी है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुम्बई इंडियंस ने बेयरस्टो को 5-25 करोड़ रुपये, तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपये में अनुबंधित किया है। ये खिलाड़ी मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने पर टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे। मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ंत होगी।

जैक्स 26 मई को मुम्बई इंडियंस का अंतिम लीग मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के कारण टूर्नामेंट बीच में ही छोड़ देंगे। वहीं, रिकलटन और बॉश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। बेयरस्टो ने आईपीएल के पांच सत्र में 50 मैच खेले हैं। वह वर्ष 2019-20 में सनराइजर्स हैदराबाद और 2022 और 2024 में पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके है। लीग बेयरस्टो ने में 34.54 की औसत और 144.45 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं। इसमें दो शतक भी शामिल हैं।

# केआईबीजी के जरिए कर रहे हैं स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत: खेल मंत्री मनसुख मांडविया



● हम सिर्फ औपचारिकता के तौर पर आयोजन नहीं करते, हम एक मिशन पर है: मांडविया

**दीव, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हम खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) के जरिए स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। डॉ. मांडविया ने सोमवार को दीव के घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में केआईबीजी खेलों की शुरुआत करते हुए कहा कि आज हम केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली बीच स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं।

मेरा मानना है कि जहाँ लहरें हैं, वहाँ जोश होना चाहिए। जहाँ रेत है, वहाँ जोश की आग होनी चाहिए और खेलो इंडिया बीच गेम्स ने आज हम सभी के दिलों में वह आग जला दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत, हम सिर्फ औपचारिकता के तौर पर आयोजन नहीं करते हम एक मिशन पर हैं। और यह मिशन खेलों को रोजगार से जोड़ता है। विकसित भारत के लिए, खेलो इंडिया युवाओं के लिए अपने सपनों को हासिल करने का एक पक्का रास्ता है। उन्होंने कहा कि नए खेल, घरेलू खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और दुनिया को यह मजबूत संदेश देने का एक तरीका है कि भारत किसी भी पैमाने के अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है। खेल मंत्री ने कहा कि बीच वॉलीबॉल जैसे खेल न केवल युवाओं को शौक के तौर पर आकर्षित करते हैं, बल्कि उन्हें करियर के अवसर भी प्रदान करते हैं। यह पहली बार है कि भारत के समुद्र तटों पर इतने बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धी खेल आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक संदेश के जरिये खेलों की 'परिवर्तनकारी शक्ति' पर प्रकाश डाला और कहा कि खेलो इंडिया बीच गेम्स देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में खेल आयोजकों और भारतीय खेल प्राधिकरण को इसके आयोजन को लेकर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीच गेम्स भारत के खेल कैलेंडर में हलचल मचाने का वादा करते हैं। श्री मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया बीच गेम्स के आयोजन स्थल के रूप में दीव का चयन 'उचित' था।

उन्होंने कहा कि सूर्य, रेत और पानी का यह संगम शारीरिक चुनौती को बढ़ाता है और साथ ही हमारी तटीय विरासत का जश्न मनाता है। जब लहरें तटों से टकराती हैं और खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। भारत खेलों में एक नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में खेलों में हमेशा एक अनूठी शक्ति रही है जो संस्कृतियों, क्षेत्रों और भाषाओं को जोड़ती है। खेलों की जीवंत ऊर्जा मनोरंजन से कहीं आगे निकल जाती है और यह एक परिवर्तनकारी शक्ति बन गई है, जो राष्ट्रीय गौरव और हमारे युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतीक है।

# सम्पादकीय



## कौन मीरजाफर , जयचंद

इस समय देश में बेहद विरोधाभासी बातें हो रही हैं। एक तरफ सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए सात संसदीय दल गठित कर विदेशों में भेज रही है, जो 21 महीने से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे। इन दलों में 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक शामिल किए गए हैं और उसकी शुरुआत शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आज यानि 21 मई से होने जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ भारत में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमारे तमाम राजनी. तिक दल आपस में भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। बात मीजर जाफर व जयचंद तक भी पहुंच गई है। इसकी शुरुआत मंगलवार को भाजपा नेता अमित माल्वीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिफ मुनीर के साथ मिक्स किया, तो इसके जवाब में कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार की सांय तीन बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया गया। इससे तुच्छ राजनीति और क्या हो सकती है। ऐसे समय में जब पूरे देश को एकजुट होने की जरूरत थी, वह पूरी तरह बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। आखिर जो हमारा डेलिगेशन भारत का रुख रखने के लिए विदेशों में जा रहा है। उसकी इस तरह साख क्या रह जाएगी। जब देश में इस तरह आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है और विदेश मंत्री को जयचंद बताया जा रहा है और नेता प्रतिपक्ष को मीर जाफर, तो बाहर के लोग ये माजरा देखकर हमसे कितने प्रभावित होंगे यह कोई भी आसानी से समझ सकता है। सभी जानते हैं कि मीर जाफर मुगल जनरल था और उसको भारतीय इतिहास में विश्वासघात का प्रतीक माना जाता है। असल में 1757 की प्लासी की लड़ाई में उसने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के खिलाफ अंग्रेजों का साथ दिया था और उसने ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ समझौता किया था। जिसके चलते सिराजुद्दौला की हार के बाद अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया था, तो सिराजुद्दौला से गद्दारी करना मीर जाफर को इतना भारी पड़ा कि वह इतिहास में दर्ज हो गया और उसका नाम दशकों बाद भी गद्दारों के पर्यायवाची के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। सवाल यह है कि जब सरकार ही अपने देश में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजनीतिक दलों व जनता को पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर पा रही है, तो कहीं न कहीं यह तो माना ही जाएगा कि सरकार की नीति में झोल है। यह ठीक है कि हर बात को बताना जरूरी नहीं होता, लेकिन यह भी सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह ऐसा वातावरण बनाए जहां उठते सवालों के जवाब लोगों की जिज्ञासा को शांत कर सकें। सरकार को यह भी समझना होगा कि सरकार की आलोचना करना देश की आलोचना नहीं होता। हर कोई जानता है कि विकट परिस्थितियों में आपसी भरोसे व एकजुटता के साथ ही सफलता पाई जा सकती है। ऐसे में जरूरत थी कि पूरा राष्ट्र एक धागे में माला की तरह गुथा हुआ दिखाई देता।

## निजी मदरसों के प्रति रवैया बदले सरकार



उप्र के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या चिंता का विषय है, निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन करना वाहिए, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023–24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024–25 में मात्र 1.52 करोड़, अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट आई, सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय है, शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी है, फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर–जरूरी व अनुचित है, निजी मदरसों के प्रति सरकार रवैया बदले तो बेहतर रहेगा।

**–सुश्री मायावती , अध्यक्ष , बहुजन समाज पार्टी**

# समूची मानवता का शत्रु है आतंकवाद

**धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में सुधार आने की उम्मीद है, सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं।**

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस 21 मई पर विशेष**



जम्मू–कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साए में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं–बेटियां विधवा हुई और बुजुर्गों की जीवन–संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के पेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची–समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिलाकर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनी. तिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू–कश्मीर में सुरक्षाबलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे–धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया।

यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार–बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग–थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार–बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ–साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का–दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन–मन के .ढ़ संकल्प का परिचायक है। बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई को मिटाना बाकी है।

जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

**–योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आतंकवाद के विरुद्ध बदले भारत के तेवर

**आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है।**

ढुलमुल नीति से कभी लक्ष्य न साधे जाएं, जैसे कम्पित अम्बु में प्रतिबिम्ब नहीं दिखाएं। धनुष–बाण संधान कर डोरी खींचो तान, इच्छाशक्ति दृढ़ करो सिद्धि मिले सुजान। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां आतंकवाद पर भारत के बदलते तेजी से रुख को परिभाषित करती हैं। आतंकवाद भारत ही नहीं, विश्व मानवता के लिए एक प्राणघातक अभिशाप है जिसका दमन, मर्दन और संहार समय की नितांत आवश्यकता है। भारत ही नहीं विश्व के अनेक देश इससे उत्पीड़ित व रक्तरंजित हुए हैं और कई देशों और संस्थाओं ने आतंकवाद को पोषित और पल्लवित करने में अपना योगदान दिया है। उनमें से एक है–पाकिस्तान जो ओसामा बिन लादेन सहित अन्तर्राष्ट्रीय घोषित आतंकवादियों की शरणस्थली व पालक भूमि है। फिर भी जो देश बड़ी बेशर्मी से अपने को शान्ति प्रिय देश घोषित करता है, जबकि उसके संरक्षण में ही आतंकवाद पोषित व पल्लवित हुआ है। आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है। भारतीय सैन्य बलों के अदम्य साहस, शौर्य व ताकत के साथ प्रधानमंत्री की आतंकवाद की जड़ों को नेस्तनाबूद करने की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है क्योंकि पहले भारत को सॉफ्ट स्टेट माना जाता था जो आतंकी हमले के बाद निन्दा के वक्तव्य जारी करने के साथ आतंकी हमलों में पाकिस्तान के हाथ होने के साक्ष्य जुटाकर और डोजियर तैयार कर अमेरिका सहित प्रमुख देशों को उसे साझा कर कूटनीतिक अभियान चलाया जाता था और पाकिस्तान पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती थी, क्योंकि भारत के सैन्यबलों के पास आधुनिक उन्नत हथियारों और रक्षा उपकरणों की कमी थी और सबसे बड़ी बात भारत के राजनीतिक नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध सशक्त कार्यवाही की इच्छाशक्ति का घोर अभाव था जबकि 12 मार्च 1993 के मुम्बई धमाके, 13 दिसम्बर 2001 का संसद पर हमला, 26/11/08 का मुम्बई हमले के साथ ही ट्रेन, मन्दिर, न्यायालय व सैन्य ठिकानों पर आतंकी हमले भारत की आत्मा पर हमले थे किन्तु निन्दा प्रस्ताव और डोजियर के अलावा कोई ठोस प्रत्युत्तरात्मक कार्यवाही नहीं की गई, जिसके कारण आतंकवादियों के हौसले बुलंद थे किन्तु 2014 में सत्ता परिवर्तन के साथ सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया। परिणामस्वरूप आतंकवाद जम्मू–कश्मीर तक सीमित रह गया। 2016 में उरी आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकी कैम्पों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जबाव दिया और पाकिस्तान को सचेष्ट करने का प्रयास किया कि उसे आतंक की कीमत चुकानी पड़ेगी किन्तु चोर चोरी से जाय हेराफेरी से न जाए, की कहावत को चरितार्थ करते हुए 2019 में पुलवामा आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसका कड़ा जबाव भारत ने पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करके दिया। आतंकवाद पर भारत ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के साथ विश्व स्तर पर मित्र देश बढ़ाने, अर्थव्यवस्था मजबूत करने के साथ –साथ सैन्य क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण व आधुनिककरण पर बल दिया और सैन्यबलों को परमाणु हमलों में सक्षम आईइनएस अरिहंत, अरिघात, अरिदमन पनडुब्बियों, एयेर डिफेंस सिस्टम एस–400 और स्वदेशी आकाश, इजरायल की बराक मिसाइलों और हारोप ड्रोन, राफेल युद्धक विमानों से सुसज्जित किया ताकि सैन्यबल पाकिस्तानी हमलों को विफल करने के साथ लक्ष्य निर्धारित सटीक कार्यवाही करने में सक्षम हो सकें, जिसकी परिणति पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिली। इस ऑपरेशन में 9 जगह में से 4 पाकिस्तान और 5 पीओके की जगहों को निशाना बनाकर हमले किए गए जो लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण केंद्र व शरणस्थली थे। इसके साथ ही लश्कर का मुख्यालय मुरीदके और जैश के मुख्यालय बहावलपुर को भी निशाना बनाया गया। पहली बार आतंकी कैम्पों को पालने, पोसने और समर्थन देने वालों को निशाना बनाया गया। भारत ने रावलपिंडी, लाहौर और कराची समेत कई पाकिस्तानी शहरों के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को ध्वस्त किया। जहां से भारत पर लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे थे। इसमें इजरायली ड्रोन–हारा. ेप, युद्धक विमान राफेल, एस–400, बराक–8 और स्वदेशी आकाश रक्षा प्रणालियों का विशेष योगदान रहा। वर्तमान में भारत बुद्ध को मानने के साथ ही युद्ध से भी नहीं डरता, क्योंकि आज का भारत छेड़ने पर किसी को नहीं छोड़ता और सुदर्शन चक्रधारी कृष्ण के इस महावाक्य को चरितार्थ करने हेतु संकल्पित है कि उत्तिष्ठ कौन्तेय, युद्धाय कृतनिश्चय अर्थात मानवता की रक्षा और आतातार्इयों के नाश के लिए युद्ध कर। देश इस भावना को अंगीकार कर रहा है।

**–डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस्कॉन के हुए दो फाड़ः सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

16 मई 2025 को देश की सर्वोच्च अदालत ने एक 25 साल पुराने विवाद पर अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें इस्कॉन बेंगलुरु को बेंगलुरु के प्रसिद्ध हरे कृष्ण मंदिर का स्वामित्व प्रदान किया गया। जबकि इस्कॉन मुंबई के इस संपत्ति पर दावे को खारिज कर दिया गया। इस ऐतिहा. सिक जीत पर इस्कॉन बेंगलुरु के अध्यक्ष और अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक, मधु पंडित दास ने कहा कि यह विवाद संपत्तियों के स्वामित्व का नहीं था, बल्कि हमारा संघर्ष उन स्व–घोषित गुरुओं के खिलाफ था, जिन्होंने प्रभुपाद की इच्छा का उल्लंघन किया और प्रभुपाद के लिखित आदेश के विरुद्ध खुद को आध्यात्मिक गुरु घोषित कर दिया। पहले वे जोनल आचार्य बने फिर संस्था में पनपे विरोध के दबाव में उन्होंने दर्जनों गुरु बना डाले। इससे इस्कॉन का बहुत पतन हुआ। आज यह फैसला उन हजारों भक्तों की जीत है जो प्रभुपाद को ही इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानते हैं। हम अपनी सारी संपत्तियां इस्कॉन मुंबई के हवाले करने को पहले दिन से तत्पर रहे हैं। हमारी केवल एक ही शर्त है कि इस्कॉन में केवल प्रभुपाद ही आचार्य माने जाएं बाकी उनके आदेशानुसार ऋत्विक की भूमिका निभाएं।



1966 में न्यूयॉर्क में एक गौड़ीय वैष्णव संत श्रील प्रभुपाद द्वारा इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन), की स्थापना की गई थी। जिसे आज पूरा विश्व हरे कृष्ण आंदोलन के नाम से जानता है। इस्कॉन ने विश्व भर में भगवान कृष्ण की भक्ति और वैदिक संस्कृति को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रील प्रभुपाद ने 9 जुलाई 1977 को एक लिखित निर्देश जारी किया था, जिसमें उन्होंने दीक्षा (शिष्य दीक्षा) के लिए एक ऋत्विक प्रणाली की स्थापना की थी। इसके तहत, उनके द्वारा नियुक्त 11 वरिष्ठ शिष्य ऋत्विक नए भक्तों को दीक्षा देने के लिए उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे और सभी भावी भक्त केवल श्रील प्रभुपाद के ही शिष्य होंगे। श्रील प्रभुपाद ने स्पष्ट किया था कि वे इस्कॉन के एकमात्र आचार्य बने रहेंगे और उनके बाद कोई भी शिष्य स्वयं को आचार्य या गुरु घोषित नहीं करेगा।

1977 में वृन्दावन में श्रील प्रभुपाद की महासमाधि के बाद, उनके कुछ वरिष्ठ शिष्यों (मुख्य रूप से पश्चिमी) ने उनके निर्देशों की अवहेलना की और स्वयं को उत्तराधिकारी आचार्य घोषित कर लिया। उन्होंने स्वयं दीक्षा देना शुरू किया, भव्य जीवनशैली अपनाई और अपने लिए सम्मानजनक उपा. धियां और गीत रचवाए, जो श्रील प्रभुपाद की सादगीपूर्ण जीवनशैली के विपरीत था। इस स्व–घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करने वाले भक्तों को उत्पीड़न, मंदिरों से निष्कासन, और यहां तक कि हिंसा का सामना करना पड़ा। एक चरम मामले में, वर्जीनिया में एक भक्त सुलोचना दास की 1984 में हत्या कर दी गई। अंग्रेजी में छपी एक पुस्तक, मंकी ऑन द स्टिक में इस हत्या में शामिल इस्कॉन के आज कुछ मशहूर नेतृत्व की ओर खुल कर लिखा गया है।

नवंबर 1998 में, इस्कॉन बेंगलुरु में देश–विदेश के अनेक वरिष्ठ भक्त जमा हुए और उन्होंने इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की स्थापना की। जिसका लक्ष्य स्व–घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करना था। इस समूह ने श्रील प्रभुपाद को इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानने और ऋत्विक प्रणाली का पालन करने का संकल्प लिया। इस रुख के कारण, इस्कॉन मुंबई, जो स्व–घोषित गुरुओं द्वारा नियंत्रित थी, ने इस्कॉन बेंगलुरु के भक्तों को संगठन से निष्कासित करने और उनके मंदिर पर नियंत्रण करने का असफल प्रयास किया। बाद में इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की बैठकें कुआलालम्पुर और फ्लोरिडा जैसे शहरों में भी हुई। बेंगलुरु और मुंबई केंद्रों के बीच संपत्ति विवाद की शुरुआत 2000 में हुई, जब इस्कॉन मुंबई ने बेंगलुरु के हरे कृष्ण हिल मंदिर पर नियंत्रण का कानूनी दावा किया। इस्कॉन बेंगलुरु 1978 में कर्नाटक सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत एक स्वतंत्र संस्था के रूप में पंजीकृत थी, जबकि इस्कॉन मुंबई 1860 के सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट और 1950 के बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत थी। इस्कॉन मुंबई ने दावा किया कि बेंगलुरु केंद्र केवल उनकी शाखा है और मंदिर की संपत्ति पर उनका अधिकार है।

इस्कॉन की गुरु प्रणाली संगठन के इतिहास में एक विवादास्पद मुद्दा रही है। परंपरागत रूप से, गौड़ीय वैष्णव परंपरा में गुरु को परम आध्यात्मिक अधिकार प्राप्त होता है, जो शास्त्रों और पूर्ववर्ती आचार्यों के अनुसार शिक्षण देता है। भविष्य में अनाधिकृत और अयोग्य लोग स्वयं को गुरु बता कर इस्कॉन के भक्तों को गुमराह न कर सकें इसलिए ल प्रभुपाद ने इस्कॉन में ऋत्विक प्रणाली लागू की थी ताकि उनकी मृत्यु के बाद भी वे एकमात्र दीक्षा गुरु बने रहें। 1977 के बाद, इस्कॉन



**रजनीश कपूर**

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

की गवर्निंग बॉडी कमीशन (जीबीसी) ने नई गुरु प्रणाली शुरू की, जिसमें वरिष्ठ भक्तों को दीक्षा गुरु नियुक्त किया गया। यह प्रणाली ईसाइयों के वेटिकन मॉडल की तरह सहमति और मतदान पर आधारित थी, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक कहा, जबकि भारत की सनातन परंपरा में गुरु का पद भगवान के समान माना जाता है और ऐसा पद प्राप्त करने के लिए गहरी साधना और उस संप्रदाय की परंपरा के आचार्य का आदेश सर्वोपरि होता है। अपना प्रचार करके चुनाव में ज्यादा वोट पा कर गुरु बनना सनातन धर्म के मूल सिद्धांत का भद्दा मजाक है। इस्कॉन के लाखों भक्तों को इस तथ्य का पता नहीं है इसलिए वे जीबीसी में होने वाले आंतरिक चुनाव को जीतने वाले लोगों को ही अपना गुरु माने बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि इस्कॉन जीबीसी द्वारा बनाए गए ऐसे दर्जनों गुरुओं का पिछले वर्षों में नैतिक पतन हो चुका है और वे संन्यास लेने के बाद फिर से गृहस्थ बन गए हैं। ये भी सन्यास प्रणाली का विद्रूप स्वरूप है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस्कॉन बेंगलुरु के लिए केवल एक कानूनी जीत नहीं है, बल्कि यह ल प्रभुपाद की रित्विक प्रणाली और उनकी आध्यात्मिक विरासत को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा ने दिया इजरायल को अलटीमेटम

## कहा: गाजा में जंग नहीं रोकी, तो ठोस कार्रवाई करेंगे, 22 देशों ने मदद मुहैया कराने को कहा



**तेल अवीव।** इजरायल के विरोध में अब पश्चिमी देश भी खुलकर सामने आ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इजरायल गाजा में जंग रोकने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। तीनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में रविवार को इजरायल की तरफ से गाजा में पहुंचाई गई मदद को नाकाफी बताया।

साथ ही हमास से उसकी कैद में मौजूद बाकी इजरायली बंधकों को जल्द रिहा करने के लिए भी कहा गया है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तीनों देशों के खिलाफ पलटवार भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि ये देश हमास को उसके हमले के लिए इनाम पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 22 देशों ने गाजा में मदद की पूरी तरह से बहाली के लिए एक अलग बयान पर साइन किए। पांच सहायता ट्रक गाजा में पहली बार दाखिल हुए। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि, कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में मदद पहुंचाना जरूरी है, ताकि गाजा में भूख की स्थिति न पैदा हो, क्योंकि इससे हमास के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इजरायल यह सुनिश्चित करेगा कि मदद सिर्फ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे और हमास को न मिले।

**इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों पर रोक लगा दी थी**

**पिछले ढाई महीने में गाजा में UN व बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए**



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से लोगों को बचाते बचावकर्मी।

# पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर का प्रमोशन

## पीएम शरीफ ने फील्ड मार्शल के पद पर नवाजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने आज मंगलवार को यह फैसला लिया।

मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ आपरेशन बुनयान- उम-मार्सूस के दौरान आर्मी के बेहतर तरीके से लीड करने की वजह से किया गया। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक के रूप में माना जाता है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। पाकिस्तान के इतिहास में असीम मुनीर से पहले 1959 में अयूब खान को फील्ड मार्शल बनाया गया था। पाकिस्तान में यह रैंक केवल खास परिस्थितियों में ही दी जाती है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को फील्ड मार्शल का दर्जा देने की मांग की गई थी। इसे लेकर इस्लामाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका भी दायर की थी। इसमें कहा गया था कि जनरल शरीफ के बेहतर काम के आधार पर उन्हें यह पद दिया जाए। हालांकि अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि उसके पास इस मामले में कोई निर्देश देने का अधिकार नहीं है।

**आर्मी चीफ अब पाकिस्तान सेना के दूसरे फील्ड मार्शल**

# अफगान के बाद अब ईरान को साध रहा है भारत

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव अली अकबर अह्मदियान से टेलीफोन पर बातचीत की। इस बातचीत में भारत-ईरान रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

इस दौरान चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कारिडोर पर जोर दिया गया। भारत ने क्षेत्रीय स्थिरता में ईरान की 'रचनात्मक भूमिका' की सराहना की और चाबहार प्रोजेक्ट पर सहयोग बढ़ाने में भारत की रुचि व्यक्त की। इस प्रोजेक्ट से भारत, पाकिस्तान को बाईपास करते हुए सीधे सेंट्रल एशिया तक पहुंच बना सकता है। ईरानी सचिव अह्मदियान ने भी राजनीतिक और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए चाबहार प्रोजेक्ट के तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। ईरान के साथ भारत की बातचीत को पाकिस्तान को घेरने के रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। खासकर हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव और अफगानिस्तान के साथ भारत के बढ़ते संबंधों के संदर्भ में। पाक चाबहार को अपनी भू-राजनीतिक घेराबंदी के रूप में देखता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी, जो 1999 के बाद से भारत और तालिबान के बीच पहली बात थी। इससे पहले कंधार विमान अपहरण के समय भारत-तालिबान में बात हुई थी।

**अजीत डोभाल की ईरान की सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव से बातचीत पाकिस्तान की घेराबंदी तेज**

# चीन पाकिस्तान में बना रहा दुनिया का पांचवां ऊंचा डैम

## 700 कीट होगी बांध की ऊंचाई, पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई होगी

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान में मोहमंद डैम के निर्माण को तेज करने की घोषणा की है, जो एक महत्वपूर्ण हाइड्रोपावर और वाटर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट है। चीन ने यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उठाया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, डैम में कंक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है। चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया है। इस डैम का निर्माण चीन की सरकारी कंपनी चाइना एनर्जी इंजीनियरिंग कारपोरेशन कर रही है। इस कंपनी ने 2019 में काम शुरू किया था। यह खबर पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार के बीजिंग दौरे से पहले आई है, जहां वे चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करेंगे। मोहमंद डैम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में स्वात नदी पर बन रहा है। यह एक बहुउद्देशीय कंक्रीट-फेस्ड राकफिल डैम है, जो बाढ़ कंट्रोल, सिंचाई, पीने का पानी और बिजली उत्पादन के लिए बनाया जा रहा है। 700 फीट ऊंचा यह डैम दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचा डैम होगा। यह डैम पूरा होने पर 800 मेगावाट जल विद्युत (हाइड्रोपावर) पैदा करेगा और पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई करेगा। इसके अलावा, यह हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई करेगा और निचले इलाकों को मौसमी बाढ़ से बचाएगा। पाकिस्तानी अखबार डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक डैम का काम 2027 तक कंपलीट हो सकता है। फिलहाल डैम में पावर और सिंचाई टनल की खुदाई, स्पिलवे का निर्माण और अपस्ट्रीम काफरडैम पर भी काम चल रहा है।

**चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया**

# ट्रम्प-पुतिन की बातचीत 'बहुत अच्छी' रही

मॉस्को/वाशिंगटन। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर हुई बातचीत पर कहा है कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता बहुत अच्छी रही और अमेरिका यूक्रेनी समझौते पर मध्यस्थता से पीछे नहीं हट रहा है।

पेस्कोव ने कहा कि बेशक, बहुत प्रभावी मध्यस्थता सेवाएं प्रदान की संपर्क स्थापित किया गया है और अब, वास्तव में, सीधा संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रूस और यूक्रेन को शांति संधि और युद्ध विराम पर ज्ञापन तैयार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा मसौदा तैयार किया जाएगा, इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया जाएगा और फिर एक एकल पाठ विकसित करने के लिए कठिन संपर्क किए जाएंगे। प्रवक्ता ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच ज्ञापन तैयार करने की कोई समय सीमा नहीं है और इसकी समय सीमा एक हो नहीं सकती। इससे पहले पुतिन ने कहा था कि रूस यूक्रेन के साथ एक ज्ञापन पर काम करने के लिए तैयार है।

# अफगान भी रोकेगा पाक का पानी

**काबुल।** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा: यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे। तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो इससे 45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। 480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती।

यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक कुनार नदी पर डैम बनने से काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे पाकिस्तान की खेती और जल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को स्थगित करने और चिनाब नदी पर डैम के स्लुइस गेट (पानी का गेट) बंद होने की वजह से दबाव में है। ऐसे में कुनार नदी पर यह डैम बन जाता है तो उसे और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। भारत ने अफगानिस्तान में शहतूत और सलमा डैम जैसे प्रोजेक्ट को वित्तीय और तकनीकी मदद दी है। ये प्रोजेक्ट काबुल नदी पर हैं और पाकिस्तान के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। इस दौरान भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। शहतूत डैम एक जलविद्युत (हाइड्रोपावर) और सिंचाई प्रोजेक्ट है।

**कुनार नदी पर डैम बना रहा अफगानिस्तान, ये पानी हमारा खून, इसे बहने नहीं देंगे: अफगान जनरल**

# चीन में सरकारी अधिकारियों के खर्च में कटौती

**बीजिंग।** चीन में सरकार ने अपने अधिकारियों को शराब और सिगरेट पर खर्च कम करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ट्रैवल, फूड और आफिस की जगहों पर भी खर्च में कटौती करने को कहा गया है। यह निर्णय राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सरकारी खर्च को कम करने के लिए लिया गया है। चीन में अब आफिस में मंहगे भोजन, शराब और सिगरेट नहीं परोसे जाएंगे। प्रोग्राम में भव्य फूलों की सजावट नहीं की जाएगी। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने अधिकारियों पर खर्च में कड़ाई और बचत की मांग की है। जिसमें अधिकारियों से सरकारी संसाधनों का सावधानी से इस्तेमाल करने और फिजूलखर्ची रोकने को कहा गया है। सरकार ने हो रही फिजूलखर्ची को शर्मनाक और बचत को सम्मानजनक बताया है।

# स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक: गुटेरेस

**जिनेवा /नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बहुत आवश्यक है। गुटेरेस ने मंगलवार को जिनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक विश्व को एक सुसंगत वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है जो संकटों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सके तथा सभी के लिए सुरक्षा और कल्याण को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने सामूहिक तैयारियों में गहरी खामियों को उजागर किया है।

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

G.D. Tandon Saraswati Vidya Mandir
Kailsa, Amroha (U.P.) 244221
E-mail: gdtsvmkailsa@gmail.com
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E, New Delhi, Affiliation No. 2131946, School Code: 81795
Congratulation
CBSE Examination Result 2025
School Toppers - Class XII (2024-25)
(500/457) FAREED RAZA 91.4%
(500/441) VIVEK KUMAR 88.2%
(500/434) SHRIKANT 86.8%
(500/432) JUNAID HUSAIN 86.4%
School Toppers - Class X (2024-25)
(500/451) AAYUSH VASHISHTHA 90.2%
(500/438) SONIA CHANDEL 87.6%
(500/435) MANVI 87%
(500/425) SHRISHTI 85%
ADMISSIONS OPEN
FOR SESSION 2025-26
8057522200
8057563000